


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 216

ग्वालियर, शनिवार, 25 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## कम रकबे वाले किसानों के लिए लाभप्रद है एफपीओ: केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर

# किसानों की आय दोगुनी करने के लिए पाँच बिन्दुओं पर कार्य जारी: मुख्यमंत्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कृषि की आय को दोगुना करने के संकल्प को पूर्ण करने के लिए राज्य सरकार पाँच बिन्दु पर कार्य कर रही है। कृषि का उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत कम करना, किसानों को उत्पादन का सही मूल्य दिलाना, नुकसान की भरपाई करने और किसानों को कृषि के विविधीकरण के लिए प्रेरित करने की दिशा में सघन प्रयास जारी हैं। सिंचाई, उत्पादन बढ़ाने का मूल आधार है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश की संपूर्ण कृषि योग्य भूमि सिंचित हो। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप ही प्रदेश की सिंचाई क्षमता बढ़कर 42 लाख हेक्टेयर हो गई है। किसानों को खाद और बीज समय पर मिले, जरूरत पड़ने पर ब्याज जीरो प्रतिशत पर उपलब्ध हो। राज्य सरकार इस प्रकार के सभी कार्यों के प्रति विशेष संवदेनशील और सक्रिय है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सशक्त और समृद्ध किसान का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरा हो रहा है। पीएम सम्मान निधि, पीएम किसान मानधन, पीएम फसल बीमा और समर्थन मूल्य में वृद्धि जैसे फैसलों से किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं।

### कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ)का गठन



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जन-कल्याण और सुराज के 20 वर्ष पूर्ण होने पर किसान-कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के कार्यक्रम में 50 बीज ग्रामों का शुभारंभ किया। मिंटो हॉल में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश के किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री कमल पटेल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हितग्राहियों को निश्शुल्क बीज मिनीकिट वितरित किये। कृषक उत्पादक संगठनों का गठन और कृषि अधोसंरचना निधि के अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कन्या-पूजन और मध्यप्रदेश गान से हुई।

### उन्नत यंत्रों, जैविक उत्पादों पर प्रदर्शनी का आयोजन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर और प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल के साथ मिंटो हाल परिसर में लगी कृषि के उन्नत यंत्रों, जैविक उत्पादों और एक जिला एक उत्पाद पर केंद्रित प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिला, विकासखंड, ग्राम पंचायत, कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि उपज मंडियाँ, एपीओ मुख्यालय तथा प्रदेश के सभी कृषि विश्वविद्यालय जुड़े।

### गेहूँ उपार्जन में पंजाब को पीछे छोड़ा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि किसान के उत्पादन की लागत को नियंत्रित रखने के लिए ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत बढ़ने के बावजूद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश में डीएपी की कीमत नहीं बढ़ने दी। प्रदेश में नर्मदा का जल क्षिप्रा नदी में लाने के संकल्प को पूर्ण करना, विकास और जन-भावनाओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। किसानों के हित के संरक्षण के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। इसी के परिणामस्वरूप कोरोना के कठिन काल में भी हमने 01 करोड़ 29 लाख मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जन कर पंजाब को भी पीछे छोड़ दिया। किसानों की चिंता करते हुए हमारी सरकार ने पुराने वर्षों का बकाया 2200 करोड़ रू. की बीमा प्रीमियम राशि का भुगतान किया। परिणामस्वरूप किसानों को 3200 करोड़ रू. की दावा राशि का भुगतान संभव हुआ।

## खास खबर

### हिमाचल में बुधवार रात से जारी भारी बारिश का दौर, 10 लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बुधवार रात से भारी बारिश हो रही है।इससे प्रदेश में अबतक 10 लोगों की मौत हो चुकी है।प्रदेश के किन्नौर और शिमला जिले में भूस्खलन होने से आवागमन बाधित है। राज्य आपदा प्रबंधन के निदेशक सुदेश कुमार मोख्ता ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम भूस्खलन के बाद किन्नौर जिले के पुवारी से काजा तक राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहा।उन्होंने बताया कि शिमला में भी बृहस्पतिवार की शाम भूस्खलन के कारण होमगार्ड कार्यालय के पास एक सड़क बंद रही, वहां से मलबा हटाने का काम जारी है। अधिकारी ने बताया कि बिलासपुर में नैना देवी में 180.6 मिमी और सोलन के कंडाघाट में 65.2 मिमी बारिश हुई।शुक्रवार को सुबह साढ़े नौ बजे तक पिछले 24 घंटे में शिमला में 54.6 मिमी बारिश हुई।


### चीन की धमकी का असर, बिटकॉइन की कीमत 4.6 फीसदी गिरावट

**मुंबई।** बिटकॉइन सहित ज्यादातर क्रिप्टोकरेंसीज की कीमतों में शुक्रवार को गिरावट देखी जा रही है। चीन के सेंट्रल बैंक ने धमकी दी है कि वह क्रिप्टकरेंसी ट्रेडिंग के खिलाफ कार्रवाई कर घरेलू निवेशकों को सर्विस देने वाले विदेशी एक्सचेंजेज पर पाबंदी लगा देगा। इससे देश के सबसे बड़ी, सबसे पुरानी और सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत 4.6 फीसदी तक गिर गई। बिटकॉइन की कीमत 4.6 फीसदी गिरावट के साथ 42,874 डॉलर पर गई। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी ईथर की कीमत में 8 फीसदी और एक्सआरपी की कीमत में 7 फीसदी गिरावट आई। बिटकॉइन की कीमत में लगातार एक हफ्ते की गिरावट के बाद गुरुवार को तेजी आई थी लेकिन एक बार फिर यह गिरावट की ओर है। अप्रैल मध्य में इसकी कीमत 65,000 डॉलर के पार पहुंच गई थी। पीपल्स बैंक ऑफ चाइना का कहना है कि वह क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग को बढ़ावा देने वाले फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस, पेमेंट कंपनियों और इंटरनेट कंपनियों पर पाबंदी लगाएगा और इस तरह की गतिविधियों से होने वाले जोखिम की निगरानी बढ़ाएगा।

### 4 वर्षीय मासूम के साथ पड़ोसी ने किया दुष्कर्म, लोगों ने जमकर धुना

**नोएडा।** एनसीआर क्षेत्र नोएडा के सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में एक 4 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ उसके पड़ोस में रहने वाले शख्स ने कथित रूप से दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि घटना की रिपोर्ट बच्ची की मां ने थाना सेक्टर-49 में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) वृंदा शुक्ला ने बताया कि थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाली एक महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, उसके पड़ोस में रहने वाला प्रशांत नामक व्यक्ति ने उसकी चार साल की बेटी के साथ गुरुवार की रात को जबरन बलात्कार किया था। उन्होंने बताया कि जब आरोपी वारदात को अंजाम दे रहा था, उसी समय महिला घर पर पहुंच गई। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने आरोपी की पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। उन्होंने बताया कि आरोपी मौके से भाग गया। डीसीपी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने उसको 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## दिग्विजय सिंह के बयान पर सियासत गर्माई, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-दिग्गी को आतंकवादी खत्म होने की चिंता



**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के सीहोर में दिए एक बयान पर प्रदेश की सियासत गर्मा गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने उन्हें आतंकवादियों का मीत कहा है, तो विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा है कि दिग्विजय सिंह के मंसूबे हिंदुओं की संख्या कम करने के हैं। दिग्विजय सिंह ने एक दिन पहले मुसलमानों की कम होती जन्म-दर पर बयान दिया था।

प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि दिग्विजय सिंह को इस बात की चिंता है कि आतंकवादी खत्म हो रहे हैं। वे आतंकियों का सम्मान करते कई बार नजर आए हैं। आतंकवादी ओसामा को जी लगाकर संबोधित करते हैं, तो मोहनचंद शर्मा के बलिदान पर फर्जी एनकाउंटर का दावा करते हैं। वहीं भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी कहा कि देश के विभाजन के बाद से भारत में मुसलमानों की आबादी 17 करोड़ बढ़ी है। दिग्विजय सिंह ने इस पर चिंता व्यक्त नहीं की। इस पर नहीं बोले।

उन्होंने कहा कि आपके (दिग्विजय सिंह) और कांग्रेस के मंसूबे हैं कि हिंदुओं की संख्या कम हो, लेकिन ये संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी जन्म-दर या मुसलमानों की आबादी को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। आप जाकिर नाइक न बनें। आपको हिंदू और हिंदुस्तान की चिंता करना चाहिए। आप जिस तरह से मुसलमानों को आबादी बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, उससे लगता है कि आप भारत के कानून को तहस-नहस करना चाहते हैं। उन्होंने दिग्विजय सिंह को इंगित करते हुए कहा कि नए मौलाना और जिन्ना बनने की कोशिश मत करो। हिंदुस्तान के हिंदू आपकी हकीकत से परिचित हैं। देश आपकेबयान से आक्रोशित है और कांग्रेस से पूछना चाहता है कि कांग्रेस और दिग्विजय सिंह सिर्फ मुसलमानों के हैं या हिंदुस्तान के।

## अभिनेता सोनू सूद 'आप' में होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** लॉकडाउन के दौरान लोगों की मदद कर मसीहा बने बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल होने की अटकले चल रही है। कहा जा रहा है कि वे जल्द ही पार्टी की सदस्यता ले सकते हैं। खबर है कि उन्होंने बुधवार को पार्टी के कुछ नेताओं के साथ बैठक की थी। अगस्त में दिल्ली में सत्तारूढ़ आप ने सूद को 'देश के मेंटर' पहल का ब्रैंड एम्बेसडर बनाया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सोनू सूद आप के सदस्य बन सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उनकी सदस्यता को लेकर दिल्ली के एक कार्यालय में आप पदाधिकारियों की बैठक भी हुई थी। खास बात यह है कि मीटिंग में गुजरात के नामी कारोबारी भी शामिल थे। 2022 में गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनाव में आप मजबूती से उतरने की तैयारी कर रही है। खबर है कि सूद के साथ पार्टी नेताओं की बैठक की जानकारी दिल्ली मुख्यालय को भी थी। इसके अलावा कुछ समय पहले ही वे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिले थे। हालांकि, एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने खुलासा किया था कि दो राजनीतिक दलों ने राज्यसभा में सीटों की पेशकश की थी, जिसे उन्होंने मना कर दिया था। कुछ ही दिनों पहले सूद के ठिकानों पर आयकर विभाग के छापे पड़ने की खबर आई थी।

## गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने दिए संकेत: दीपावली से पहले सरकारी कर्मचारियों को सरकार देगी तोहफा!




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को भी सरकार बड़ी सौगात देने वाली है। नरोत्तम मिश्रा ने प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को बड़ी सौगात देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कमर्चारियों को सौगात मिलेगी। शिवराज सरकार कर्मचारी हितैषी है। दीवाली के पहले कर्मचारियों को खुशखबरी मिलेगी। माफिया के कब्जे से मुक्त कराई गयी सरकारी जमीन पर अब गरीबों का हक होगा। सरकार ने ये बड़ा फैसला ले लिया है। इसके लिए प्रदेश में फिर से भू-माफिया के खिलाफ अभियान शुरू हो गया है। इसकी शुरुआत इंदौर से हुई। गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने अपने सरकारी बंगले पर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा माफिया से 10 हजार करोड़ से ज्यादा की संपत्ति मुक्त हुई है। इन जमीनों पर पहला हक गरीबों का है। इस अभियान को और गति से चलाया जाएगा। फिलहाल इसकी शुरुआत इंदौर से हो चुकी है। किसी भी माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।

**ये है सरकार का प्लान:** मध्य प्रदेश में कमलनाथ सरकार के दौरान सभी तरह के माफिया के खिलाफ अभियान शुरू किया गया था। सरकार के निशाने पर भू-माफिया खासतौर से था। 2 साल से जारी इस अभियान में अब तक 1500 भू माफिया के खिलाफ 8800 करोड़ की सरकारी जमीन मुक्त कराई जा चुकी है। इंदौर में सबसे ज्यादा 115 माफिया के अवैध भवनों और जमीन पर प्रशासन ने कार्रवाई की। उसके बाद ग्वालियर में 82, जबलपुर में 89 और भोपाल में 47 माफिया के खिलाफ कार्रवाई की गई। इन जमीनों पर स्कूल, वृद्धाश्रम और सरकारी दफ्तर के साथ ग्रीन फील्ड विकसित करने के लिए कलेक्टर्स ने राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा है। उनके प्रस्ताव को राज्य शासन ने सैद्धांतिक सहमति दे दी है।

**फुके बल्बों से उजाला नहीं होगा:** कांग्रेस की बैठक को लेकर नरोत्तम मिश्रा ने कहा कांग्रेस अकेले कुछ करने लायक नहीं रही है। कमलनाथ छिंदवाड़ा में प्रदेश कार्यलय खोल लें। कांग्रेस में फुके बल्बों से उजाला नहीं होगा। मोदी के यूएस दौरे पर उन्होंने कहा किसी क्षेत्र को खाली नहीं छोड़ेंगे। केवल सेंसेक्स नहीं बल्कि देश पीएम के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। मां के लाल के पास देश का नेतृत्व है।







# आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सांसद डॉ. केपी यादव ने साईकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना






शिवपुरी।

आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा साईकिल रैली निकाली जा रही है। शुक्रवार 24 सितम्बर को यह साईकिल रैली अमर शहीद तात्या टोपे स्थल पहुंची। यहाँ सांसद डॉ. के.पी. यादव ने तात्याटोपे की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद यह शिवपुरी से मोहना, ग्वालियर के लिए रवाना होगी। इस मौके पर विधायक कोलारस वीरेन्द्र रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम, सांसद प्रतिनिधि हेमन्त ओझा एवं मुकेश चौहान, कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में अमर शहीद तात्याटोपे के वंशज सुभाष टोपे का सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। इस मौके पर सांसद डॉ.के.पी.यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा साईकिल रैली एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस तरह के कार्यक्रम राष्ट्र में एकता और जागरूकता का कार्य करते है। उन्होंने कहा कि हमें अपने पूर्वजों पर गर्व होना चाहिए। हमें उन वीर जवानों पर गर्व होना चाहिए जो देश के लिए सीमा पर निडर होकर अपने देश की रक्षा कर रहे है। आने वाली पी.ढ़ी को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। जिससे उन्हें पता चल सके कि उन्होंने देश के लिए क्या किया और हमें अपने राष्ट्र के लिए क्या करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश हमें बहुत कुछ देता है, पर देश के लिए हमें क्या करना है यह हमें अपने पूर्वजों से सीखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इस साइकिल रैली का शुभारंभ बीते 4 सितम्बर को यरवदा जेल पुणे, महाराष्ट्र से हुआ। उक्त साईकिल रैली लगभग 1703 किमी की दूरी तय करके 02 अक्टूबर (गांधी जयंती) को राजघाट, नई दिल्ली पहुंचेगी। यह समस्त कार्यक्रम सोनू सिंह सिकरवार, उपकमाण्डेन्ट केऔसुब एनएफएल विजयपुर की देखरेख में आयोजित किए जा रहे हैं।

## कंट्रोल के सेल्समेन ने बेच दिया गरीबों के हक का राशन, फूड इंस्पेक्टर ने दर्ज कराया मामला



शिवपुरी।
जिले के खनियांधाना क्षेत्र के मायापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम भडौरा में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सैल्समेन और उसके सहयोगी पर फूड इंस्पेक्टर ने मुकदमा दर्ज कराया है। फूड इंस्पेक्टर का आरोप है कि जब वह उक्त दुकान पर जांच करने पहुंचे तो वहां उन्हें गंभीर अनियमितताएं मिली। जिसपर से इस मामले में फूड इंस्पेक्टर ने आरोपीयों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार फूड इंस्पेक्टर पीसी चंद्रवंशी ने मायापुर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि प्राथमिक वनोपज सहकारी संस्था खोड द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान भडोरा दुकान पर उन्होने निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान यहां गंभीर अनियमितताएं पाई गई। सैल्समैन और उसके साथी द्वारा यहां गरीबों के हक का राशन बैच दिया गया जिसपर से फूड इंस्पेक्टर पीसी चंद्रवंशी ने इस मामले में आरोपी सैल्समैन केरन सिंह लोधी और उसके साथी धर्मेन्द्र चौहान के खिलाफ धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।

## आजादी का अमृत महोत्सव अभियान अंतर्गत आज स्वच्छता संवाद

शिवपुरी।

आजादी का अमृत महोत्सव अभियान अंतर्गत प्रदेश के समस्त जिले में 25 सितम्बर को स्वच्छता संवाद का आयोजन किया जाएगा। इस संवाद में जिला स्तर से समस्त जिला, जनपद, ग्राम पंचायत के समस्त पदाधिकारी अपने क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारियों के साथ स्वच्छता संवाद करेंगे। स्वच्छता संवाद के दौरान ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्द्बठ्ठद्द्यद्ग ह्यद्ग क्चद्यड्डह्यह्लद्बष् के उपयोग को बंद करना, ओडीएफ प्लस के विभिन्न मानको व स्वच्छता व्यवहारों पर स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि चिन्हित ग्रामों को ओडीएफ प्लस घोषित किया जा सकें। समस्त जिलों में 25 सितम्बर को स्वच्छता संवाद का आयोजन कर 26 सितम्बर तक आईएमआईएस पर इसकी प्रगति दर्ज करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ ने दिए हैं।

## राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज में हुआ सीएमई का आयोजन




शिवपुरी।
श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज शिवपुरी में डीन मेडिकल कॉलेज डॉ.अक्षय निगम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सीएमई का आयोजन किया गया। सीएमई में जिला क्षय अधिकारी डॉ.आशीष व्यास सहित मेडीकल कॉलेज की फैकल्टी एवं पैरामेडिकल स्टाफ भी उपस्थित रहा। इस मौके पर डॉ.आशीष व्यास ने नेशनल स्टेट्रिजिक प्लान 2017-2025 के बारे में विस्तार से बताया। इसमें 2025 तक टीबी की बीमारी का इंसीडेंस 250 मरीज प्रति लाख से घटाकर 80 मरीज प्रति लाख पर लाना है तब यह बीमारी उन्मूलन की अवस्था में आ सकेगी। वर्तमान में टीबी एक महामारी के रूप में भारत में विधमान है। इस प्लान के अंतर्गत प्रत्येक मरीज की रिफार्पसिन रेजीस्टेंस एवं एचआईव्ही शुगर के लिये शुरूआत में ही जांच की जाती है। तत्पश्चात मरीज को वजन के अनुसार डेली डॉट्स की दवा दी जाती है। क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत उपचाररत टीबी मरीजों के लिये निक्षय पोषण योजना संचालित है जिसके अंतर्गत प्रत्येक मरीज को उपचार चलने तक उसके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रतिमाह पांच सौ रूपये की राशि प्रदान की जाती है। टीबी उन्मूलन के लिये टीवी प्रिवेंशन ट्रीटमेंट कार्यक्रम के अतर्गत 15 सितम्बर से समस्त खोजे गये पॉजिटिव मरीजों के हाउस होल्ड कोन्टेक्ट की जांच कर उनको वजन के अनुसार आईसोनियाजिड दवा दी जाना है जिससे टीबी के संक्रमण को कम किया जा सके। एमडीआर टीबी, एक्सडीआर टीबी की जांच ,उपचार फॉलो अप इत्यादि के बारे में विस्तार से उपस्थित चिकित्सको एवं पैरामेडिकल स्टाफ को जानकारी डॉ. व्यास के द्वारा प्रदान की गई।

## राष्ट्रीय सेवा योजना जिला शिवपुरी की साक्षरता के प्रति अभिनव पहल



शिवपुरी। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला शिवपुरी के जिला संगठक डॉ एसएस खंडेलवाल के मार्गदर्शन में राशियों के वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रद्युम्न गोस्वामी द्वारा नौनिहाल एवं अल्प व्यस्क बच्चों को साक्षर करने के लिए बीड़ा उठाया गया है इसी तारतम्य में राघवेंद्र नगर के लोह पीटा समुदाय के बच्चों को साक्षर करने के लिए विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राघवेंद्र नगर की शिशु मंदिर प्रांगण में साई काल 3ः00 से 4ः00 बजे तक इन्हें विद्या ज्ञान कराया जा रहा है इसमें हिंदी बाराखडी के साथ अंग्रेजी भाषा की एबीसीडी एवं गिनती पहाड़े इत्यादि शामिल है। व्यवहारिक जीवन को जीने के लिए श्री रामचरितमानस की चौपाइयां का ज्ञान भी प्रदान किया जा रहा है साथियों ने कॉपी एवं अन्य पठन-पाठन से संबंधित सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराई गई है। बच्चों को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक को जिनमें साक्षी गुप्ता एवं निहारती गोयल द्वारा बच्चों को हाथ धुलाई एवं स्वच्छता तथा पर्यावरण संरक्षण का समुचित ज्ञान प्रदान किया गया और उन्हें निशुल्क साबुन वितरण किया गया।

## उज्जवला योजना कनेक्शन के 300 रूपए रिश्वत मांग रहा है बितरक

शिवपुरी।
जिले का पोहरी क्षेत्र में लगातार भ्रष्टाचार का गढ बनता जा रहा है। हालात यह है कि चारों और सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार मचा हुआ है। बिना चढाबा के यहां कोई काम नहीं होता। शासकीय तो छोडो प्रायवेट विभाग भी अब इससे अछूते नहीं है। ऐसा ही मामला भटनावर से सामने आ रहा है। जहां भटनावर में इंण्डेन ग्रामीण वितरक एंजेसी पर उज्जवला योजना में ग्राहकों द्वारा नए कनेक्शन लेने के एवज में उक्त एंजेंसी संचालक 300 से 700 रूपए बसूल रहा है उज्जवला योजना की कनेक्शन धारी मनीषा धाकड और रति आदिवासी ने इंण्डेन कंपनी के टोल फ्री और ऑनलाईन पर पर शिकायत करते हुए बताया है कि वह भटनावर इंण्डेन ग्रामीण वितरक एंजेसी का आपरेटर केबाईसी के नाम पर उससे 300 रूपए मांग रहा है। जब पैसे देने से मना किया तो वह कनेक्शन नही होने दे रहे है। इसके साथ ही उन्होने आरोप लगाया है कि जब उन्होने शिकायत की तो उन्हें यहां से भगा दिया।

## द कपिल शर्मा शो में सुनवाई के दौरान कोर्ट में शराब पीने का फिल्माया गया था दृश्य जिसका मामला कोर्ट पहुंचा

### 1 अक्टूबर को होगी सुनवाई

शिवपुरी।




फेमस कॉमेडी शो द कपिल शर्मा शो के एक एपिसोड में कपिल शर्मा ने अदालत का एक दृश्य फिल्माते हुए उसमें शराब का सेवन करते दिखाया था। इस दृश्य पर अब विवाद खड़ हो गया है। मामले को लेकर शिवपुरी के वकील अधिवक्ता सुरेश धाकड़ कोर्ट पहुंच गए हैं। धाकड़ का आरोप है कि इस दृश्य में शराब के सेवन को लेकर कोई वैधानिक चेतावनी नहीं दी गई। इसके साथ अदालत की मर्यादा को क्षति पहुंचाई गई है। धाकड़ ने सीजेएम कोर्ट में वाद प्रस्तुत किया है।

### 1 अक्टूबर को होगी मामले की सुनवाई

किसी ने नहीं सुना तो वकोर्ट पहुंचा शहर के वकील सुरेश धाकड़ के अनुसार - उन्होंने इस मामले में पहले एसपी, कलेक्टर को आवेदन दिया। इसके बाद टीआई को भी शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन मामले में अभी तक कोई सुनवाई नहीं की गई है। जिसके चलते अंत में उन्होंने कोर्ट की शरण ली।

### शो के चलते पहले भी विवादों में रहे कपिल

कपिल शर्मा का विवादों से पुराना नाता है। एक मामला उन्हीं के साथी सुनील ग्रोवर के साथ का है। दरअसल, कपिल की पूरी टीम कुछ साल पहले शो के सिलसिले से विदेश जा रही थी। उस दौरान प्लेन के अंदर ही किसी बात को लेकर सुनील और कपिल में बहस हो गई। इसके बाद यह बात निकलकर सामने आई कि इनके बीच मारपीट हुई है। इसके बाद सुनील ने कपिल का शो भी छोड़ दिया था। जिस वजह से कपिल के शो में अचानक से गिरावट भी देखने को मिली थी।

## वैक्सीनेशन महा अभियान में प्रथम डोज का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने में सभी का सहयोग जरूरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह

### क्राइसिस मैनेजमेंट समूह की बैठक आयोजित




शिवपुरी।
पूरे प्रदेश में 27 सितंबर को वैक्सीनेशन महा अभियान चलाया जाएगा जिसमें वैक्सीन का प्रथम डो? का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना है। इस अभियान में सभी की सक्रिय भूमिका जरूरी है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने यह बात क्राइसिस मैनेजमेंट समूह की बैठक में कही। यहां शिवपुरी एनआईसी कक्ष में पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, जिला पंचायत सीईओ एचपी वर्मा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला टीकाकरण अधिकारी विभिन्न धर्मो के धर्मगुरु सहित क्राइसिस मैनेजमेंट समूह के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा है कि सभी नागरिक इस अभियान में भागीदारी करें। अपने स्तर पर अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का काम करें। हमें 27 सितंबर तक जिले में 18 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक नागरिक को वैक्सीनेशन का प्रथम डोज लगाने का लक्ष्य प्राप्त करना है। इसलिए जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई है वह इस महाअभियान में वैक्सीन जरूर लगवाएं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को भी सक्रिय होकर इस अभियान में लगने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रचार प्रसार अभियान चलाया जाए। ग्राम स्तर पर लोगों से संपर्क करें और जो लोग वैक्सीनेशन से शेष हैं उनका वैक्सीनेशन कराएं।

# करणी सेना पर प्रतिबंध लगाने को लेकर यादव समाज ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



भिण्ड। करणी सेना ने 22 सितंबर 2021 को छतरपुर में यादव समाज के खिलाफ भद्दी गाली एवं अवध टिप्पणियां कर वीडियो वायरल किया था। उसी को लेकर यादव महासभा भिंड सहित यादव समाज के अन्य संगठनों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं। यादव महासभा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव उर्फ पुनु ने मीडिया से चर्चा करते हुए छतरपुर जिले में करणी सेना के लोगों ने यादव समाज को लेकर अमर्यादित टिप्पणियां की थी जिससे प्रदेश का समुचित यादव समाज खुद को अपमानित महसूस कर रहा है। सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन राजेश्वर यादव ने कहा संविधान में सभी को बराबरी का हक है और संविधान सभी को बराबरी का हक देता है, यादव समाज के लोग बाबासाहेब के संविधान पर पूरा भरोसा रखते हैं ऐसे में करणी सेना को कैसे हक मिल गया कि अन्य समाज पर अनर्गल टिप्पणी करें। यादव समाज ने करणी सेना के खिलाफ सड़कों पर उतरकर अपना रोष प्रकट किया।

इस संपूर्ण कृत्य को आतंकी कार्यवाही भी कहा जा सकता है यह की करणी सेना के इस कृत्य से यादव समाज के मान सम्मान को ठेस पहुंची है जिस समाज का देश के स्वाभिमान एवं रक्षा में विशेष योगदान रहा उनके लिए यह कृत्य किसी भी प्रकार उचित एवं सही नहीं है समाज इसकी निंदा करता यह की करणी सेना के इस प्रकार की कार्यवाही से यादव समाज में रोष व्याप्त है इसलिए करणी सेना को तत्काल प्रतिबंधित संगठन घोषित किया जावे तथा उनके नेताओं के खिलाफ ना केवल देशद्रोह का मुकदमा पंजीबद्ध किया जाये। अन्यथा यादव समाज सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने को मजबूर होगा।

ज्ञापन देने वालों में सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन राजेश्वर यादव, वीरेंद्र यादव मोतीपुरा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शिवराज यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा कृपाल सिंह यादव प्रवक्ता अखिल भारतीय यादव महासभा विजय वीर यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, शेर सिंह यादव पूर्व सरपंच उमरी, गुड्डू यादव सरपंच दीनपुरा, दीवान सिंह यादव अकोड़ा सुदीप यादव पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अकोड़ा, श्याम सिंह यादव फौजी, डॉ अश्वनी कुमार यादव प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा चिकित्सा मोर्चा, दिनेश यादव, जनवेद यादव उमरी, अनिल यादव, शैलेंद्र यादव गढ़पुरा, मुखिया यादव रूर, सोनवीर यादव उर्फ भालू, सुंदर यादव, भगवान सिंह यादव किटी, जितेंद्र यादव पावई, सुरेंद्र यादव जिला अध्यक्ष वीर अहीर निर्माण सेना, बंटू यादव पूर्व सरपंच हरचंदपुरा, अरविंद यादव रूर, सुरेंद्र यादव धरई, मनीष यादव, आकाश यादव, रिंकू यादव कमई, जय वीर यादव जोरी पुरा, राजेश यादव इटावा रोड, प्रवीण यादव दीनपुरा, रवि यादव दीनपूरा, संजय यादव, सोनू यादव कमई, विपिन यादव जवाहरपुरा, संजीव यादव बाजू मोहल्ला आदि 5 सैकड़ों से अधिक लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन दिया।

## महिला इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस संपन्न



मेहगांव। शासकीय महाविद्यालय में बीते शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया, जिसमें सभी एनएसएस स्वयं सेविकाओ ने सहभागिता दी। सबसे पहले मां सरस्वती को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आरके सक्सेना के निर्देशन में किया गया इस अवसर पर डॉ. आरके सक्सेना द्वारा बी प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। साथ ही इस अवसर समस्त छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण का कार्य भी किया। इस कार्यक्रम में आर के डबरिया, गिरिजा नरवरिया, डॉ. हर्षद मिश्रा, अनुग्रहदत्त शर्मा, राधा कृष्ण शर्मा, दुर्गेश गुप्ता, सुनील बंसल, आलोक मिश्रा, वंदना श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम सिंह तोमर, शिवप्रकाश नरवरिया, अनिल त्यागी, पूरनलाल (मुख्य लिपिक), पूरन सिंह, रमेश कुमार शर्मा, शैलेंद्र रमन, एवं सुशील चौधरी उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश में छा सकता है अंधेरा

### बिजली कंपनी के कर्मचारी करेंगे अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल



भिण्ड। चम्बल अंचल सहित पुरे प्रदेश में छा सकता हे अँधेरा आप को बता दे की मध्यप्रदेश के बिजली आउटसोर्स कर्मचारी कर सकते हे 27 सितम्बर को अनिश्चितकलीन कामबंद हड़ताल,बिजली कम्पनी के कर्मचारियों ने 23 अगस्त को मध्यप्रदेश सरकार को अपनी विभिन्न मांगो को लेकर मध्यप्रदेश के ऊर्जामंत्री प्रदुमनसिंह तोमर को अवगत करवाया था, इन कर्मचारीयो की मांगे थी की बिजली के नियमितीकरण को रोका जाये और आउटसोर्स कर्मचारीयो का संबिलियन किया जाये, इन मांगो के सम्बन्ध में ऊर्जा मंत्री प्रदुमनसिंह तोमर द्वारा वचनबद्ध आश्वासन दिया था कि आपकी इन मांगो को जल्दी ही एक महीने के बीच पूरा किया जायेगा, लेकिन दो महीना पूरा होने के बाद भी बिजली कर्मचारीयो की मांगो को पूरा नहीं किया गया। जिस पर आउटसोर्स कर्मचारी संघटन ने शुक्रवार को सभी कर्मचारी अपने अपने जिले में कलेक्टर और अधीक्षण यंत्री को हड़ताल करने की सुचना ज्ञापन के माध्यम से दिया, और 27 सितम्बर को अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की सूचना दी। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी में आउटसोर्स कर्मचारियों पर हो रहे शोषण के खिलाफ मौ डी सी पर प्रदेश व्यापी आंदोलन एक दिवसीय संपूर्ण कार्य बहिष्कार में कर्मचारियों ने हड़ताल की मौ डीसी पर समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों ने कार्यालय आकर विरोध प्रदर्शन किया एवं धरना पर रहे और अपने कार्य को बंद रखा। जिला भिंड इकाई के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष संतोष भारद्वाज के आवाहन पर मौ डी सी के प्रमुख मनोहर गौर जी के नेतृत्व में संपूर्ण कर्मचारियों ने मौ में हड़ताल की मध्य प्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी संघ इस समय अपनी दुर्दशा पर कर्मचारी संघ आंसू बहा रहा है। अब इन कंपनियों द्वारा भी आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है द्वारा शासकीय कर्मचारियों के लिए चुनावी समय पर बाही बाही लूट जाती हैं लेकिन मध्य प्रदेश आउट सोर्स कर्मचारियों के साथ मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी की नई कंपनियों द्वारा वेतन में कटौती की गई है लेकिन इस ओर किसी मंत्री विधायक नेता जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है राज्य शासन द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। अपनी मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी संगठन 27 सितंबर को प्रदेशव्यापी अनिश्चित कालीन हड़ताल करेगे।

## चलती बस में बदमाशों ने किया हमला, सावारियां घायल होने से बची

### बसों के सीसे तोड़े, वारदात को अंजाम देकर आरोपी भागने में हुए कामयाब




मालनपुर। क्षेत्र के हनुमान चौराहे होते हुए भिण्ड की ओर से धर्मेन्द्र ट्रेवल्स की बस जा रही थी तो दूसरी बस शरद भटेले की जो ग्वालियर की ओर से आ रही थी और भिण्ड जा रही थी, जैसे ही दोनों बसें मालनपुर के मैन चौराहे पर पहुंची तो अज्ञात बदमाशों ने बसों पर हमला बोलते हुए तोड़फोड़ करने लगे, सवारियां अपनी जान बचाकर बसों से नीचे उतर आई और कुछ लोग समझ पाते उससे पहले बदमाश वारदात को अंजाम देकर मौके से भाग निकले। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी, मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी लेकर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिये हैं। थाना प्रभारी विनोद सिंह कुशवाह ने बताया शुक्रवार सुबह लगभग 11.30 बजे क्षेत्र के हनुमान चौराहे होते हुए भिण्ड की ओर से धर्मेन्द्र ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी30पी5411 जा रही थी तो दूसरी बस क्रमांक एमपी07पी0898 शरद भटेले की जो ग्वालियर की ओर से आ रही थी और भिण्ड जा रही थी, जैसे ही दोनों बसें मालनपुर के मैन चौराहे पर पहुंची तो अज्ञात बदमाशों ने बसों पर हमला बोलते हुए तोड़फोड़ करने लगे जिससे दोनों बसों के सीसे टूट गये और वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गये। पुलिस मामले अपराध दर्ज कर जल्द आरोपियों को पकड़ने के लिए दवा कर रही है वहीं इस घटना में किसी भी सवारी को चोटे नहीं आई।

# विद्यार्थियों ने मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस



भिण्ड। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर एम.जे.एस. शासकीय स्नात. महाविद्यालय की रासेयो इकाई-2 के द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करने के पश्चात अथितियों का तिलक बंदन कर पुष्प गुलदस्ता अर्पित करने के साथ आव्हान गीत तथा लक्ष्य गीत के साथ कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. साकार तिवारी उपस्थित रहे। श्री तिवारी ने स्वयंसेवकों को बताया कि प्रमाणपत्र के पीछे भागना या केवल रासेयो के प्रमाणपत्र को हासिल करना ही सब कुछ नही होता हमें रासेयो जीना चाहिए उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए। इसी अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनूप श्रीवास्तव जी ने भी संस्कृतिक गतिविधियों को करने के लिए वाध्य यन्त्र दिलाने की मांग स्वीकार की, इसी क्रम में लेखक पवन प्रशान्त ने अपने हुनर अपनी ताकत को कैसे पहचाने तथा परिश्रम करने के उपाय बताए तथा वरिष्ठ स्वयंसेवक धर्मेंद्र सिंह तोमर ने नवीन स्वयंसेवकों को रासेयो के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी दी जिसे सुनने के बाद नवीन स्वयंसेवकों ने काफी उत्साह दिखाया। कार्यक्रम का आभार प्रकट रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर.ए. शर्मा तथा मंच संचालन स्वयंसेवक आदित्य दुवे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात वृक्षारोपण भी किया गया जिसमें आम तथा आंवला के पौधे रोपित किये गए।

इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेविका आरती राजावत, अरुचि राजावत, तमन्ना जहाँ के साथ-साथ स्वयंसेवक हेमंत कुमार, प्रवेश इंदौरिया, नेहा शर्मा, नेहा देवी आदि आदा सैकड़ा से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की 103वीं वार्षिक साधारण सभा आयोजित



भिण्ड। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित भिण्ड की 103 वी वार्षिक साधारण सभा शुक्रवार दोपहर 1.30 बजे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या भिण्ड प्रधान कार्यालय सदर बाजार भिण्ड के सभागार भवन पर केके गुप्ता प्रभारी उपायुक्त सहकारिता वरिष्ठ निरीक्षक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बैंक की सदस्य समितियों के प्रशासकगण सहकारिता विभाग के अधिकारीगण एवं बैंक के अधिकारीए कर्मचारी उपस्थित रहें। वार्षिक साधारण सभा के प्रारंभ में मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन श्रीमान केके गुप्ता प्रभारी उपायुक्त सहकारिता द्वारा किया गया। तदोपरान्त श्री गुप्ता का बैंक एंव सहकारिता अधिकारीगणों द्वारा स्वागत किया गया। इसी क्रम में प्रशासकीय उद्बोधन का वाचन किया गया एंव अध्यक्ष महोदय की अनुमति से श्री व्हीएस परिहार मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा साधारण सभा की कार्यवाही प्रारंभ कर विषय सूची का वाचन किया गया। प्रस्तुत समस्त प्रस्तावों की सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा हाथ उठाकर स्वीकृति प्रदान की गई। अंत में बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक आरएस गुप्ता द्वारा बैठक में पधारे। अध्यक्ष महोदय, अधिकारीगण सहकारिता एवं जिले की सहकारी समितियों के उपस्थित सदस्यगणो का आभार व्यक्त किया गया।

## करंट से युवक की मौत

भिण्ड। लहार थाना क्षेत्र स्थित पर्रायच रेत खदान पर ट्रक पर चढ़े युवक को करंट लगा जिससे उसकी हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और



मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक धौर गांव का रहने वाला 36 वर्षीय हीरा सिंह कुशवाह पुत्र जवर सिंह पर्रायच गांव में सिंध की रेत खदान पर रेत भरने का काम करता था। वो गुरुवार की रात को डंपर पर रेत भरने का काम कर रहा था। रेत से भरे डंपर पर रेत को प्लेन करने के लिए हीरा सिंह वाहन पर चढ़ गया। इसी समय डंपर चालक द्वारा रेत से भरे वाहन को स्टार्ट करते हुए आगे बढ़ा दिया। डंपर के ऊपर से निकले बिजली के तारों से हीरा सिंह टकरा गया। इस वजह से हीरा सिंह करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद मौके से डंपर चालक वाहन छोड़कर भाग गया। मृतक के भाई छोटे लाल कुशवाह के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शी सोनू पुत्र नारायण सिंह और नीरज पुत्र कमलेश करंट लगने के बाद मौका-ए-वारदात से हीरा सिंह को सीधे सिविल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। फरियादी छोटे सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम लिया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने पूरे मामले की पड़ताल करते हुए वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी।

# जिले में 27 सितम्बर को वेक्सीनेशन का महाअभियान



भिण्ड । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वैक्सीनेशन महा अभियान के अंतर्गत 27 सितंबर तक प्रथम डोज का शत-प्रतिशत टीकाकरण करने के संबंध में जिला स्तरीय, विकासखंड स्तरीय, वार्ड स्तरीय तथा ग्राम स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों के सदस्यों को संबोधन एनआईसी कक्ष भिण्ड में देखा एवं सुना गया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिला, विकास खण्ड, वार्ड एवं ग्राम पंचायत स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों को वीसी के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि बरसात के समय यदि नाले को भी पार करके जाना पड़ा तो हमारी टीम जा रही है। मैं अपने ऐसे सभी स्वाथ्य कार्यकर्ता, भाई-बहनों का ह्रदय से आभार।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वैक्सीन का पहला डोज लगाने में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। यह प्रयास जनभागीदारी का है। जब हम साथ जुड़ जाते हैं, क्राइसिस मैनेजमेंट, धर्मगुरू, समाज, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाएं जुटती हैं तो प्रयास दूसरे हो जाते हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आप सब बधाई के पात्र हैं पहली लहर के बाद, दूसरी लहर के बाद, विषम परिस्थितियों का सामना हम सब ने मिलकर किया। ईश्वर की कृपा से आज हम उस स्थिति से बाहर निकल आए हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं सभी को ये आग्रह करना चाहता हूं, पूरी सावधानी रखें, सावधानी में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। स्वयं भी मास्क लगाकर लोगों को प्रेरित करने की कोशिश करें। वैक्सीनेशन ही इस संक्रमण को कंट्रोल करने का सबसे प्रभावी उपाय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक हम मप्र में 83 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को पहला डोज लगा चुके हैं। 27 सितम्बर को हमें फिर वैक्सीनेशन महाअभियान चलाना है। हम जु?ने के बाद समाज के दूसरे लोगों को जोड़ेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पूरा वातावरण वैक्सीनमय बनाना है। एक-एक को वैक्सीन लगाएं। गांव-गांव में सूची बनाएं, जो रह गए हैं जो उन्हें भी जोड़े। 25, 26 को वैक्सीन के लिए आमंत्रण दें, डोंडी पिटवाएं। अंतिम दिन पहला डोज के लिए निकालकर लोगों को वैक्सीन के लिए लाएं, दिव्यांग, बुजुर्ग को गाड़ियों से लगाएं, जिन्हें नहीं ला सकते, उन्हें घर जाकर लगाएं। सब के सब जुट गए तो हम 27 सितम्बर को पहला डोज पूर्ण कर लेंगे। इस दौरान एनआईसी कक्ष भिण्ड में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, एडीएम प्रवीण फुलपगारे, डिप्टी कलेक्टर एवं पीओ डूडा महेश बड़ोले, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कैप्टन के तेवर

इस्तीफा देने पर मजबूर किए गए पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने अपने तेवर दिखा दिए हैं। वे अपनी पार्टी बनाएंगे या किसी और के साथ जाएंगे, तय नहीं है। लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब कांग्रेस के साथ तो कतई नहीं। बुधवार को कैप्टन ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर जिस तरह से हमला बोला और उन्हें अनुभवहीन बताया, वह कांग्रेस से विदाई की ओर साफ इशारा करता है। कैप्टन यहीं नहीं रुके। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को कह दिया है कि वे नवजोत सिंह सिद्धू को मुख्यमंत्री नहीं बनने देंगे, चुनाव में उनके खिलाफ मजबूत प्रत्याशी खड़ा करेंगे। अब कैप्टन ने जिस तरह के तेवर दिखाए हैं, उसकी उम्मीद इस्तीफा देने वाले दिन से की जा रही थी। पिछले कई महीनों से पंजाब कांग्रेस में जो हालात बने हुए थे, वे किसी अराजक स्थिति से कम नहीं थे। कैप्टन अमरिंदर सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के बीच जंग ने पार्टी को संकट में डालने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। इससे जनता के बीच लगातार यह हवा बनती रही कि अब कांग्रेस पार्टी इस हालत में पहुंच चुकी है कि कोई आलाकमान की भी नहीं सुन रहा। बल्कि सिद्धू और अमरिंदर सिंह जिस तरह से आलाकमान के सुझावों की अनदेखी करते रहे, उससे पार्टी में संकट बढ़ रहा था। कांग्रेस के लिए इस वक्त बड़ी चिंता पंजाब में खुद को बचाए रखने की है। चरणजीत सिंह चन्नी को कमान सौंप कर कांग्रेस ने अपनी सामाजिक राजनीति की रणनीति को भले ही नया स्वरूप दे दिया हो, इससे कुछ हासिल होगा कहा नहीं जा सकता। सवाल यह भी है कि क्या चन्नी को मुख्यमंत्री बना देने से पंजाब कांग्रेस के भीतर सब कुछ ठीक हो जाएगा! कांग्रेस कुछ भी दावा करे, मगर सच यही है कि वह भी इस घटनाक्रम को लेकर परेशान है। पंजाब की नदियों में काफी पानी बह चुका है। नवजोत सिंह सिद्धू के पंजाब के अध्यक्ष बनने के बाद से कैप्टन के इस्तीफे तक चीजें इतनी खराब हो चुकी हैं कि उन्हें सही करना चन्नी के बूते की बात नहीं रह गई है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और राज्य में पार्टी के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के बीच जिस तरह की खींचतान शुरू हुई है, उसने तो फिलहाल चन्नी के दांव को कमजोर किया है। पंजाब में जब नवजोत सिंह सिद्धू को राज्य कांग्रेस का अध्यक्ष पद सौंप दिया गया, उसके बाद अमरिंदर सिंह के रुख में आई नरमी से यह लगा कि अब कलह का दौर शायद खत्म होगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। यों पार्टी की ओर से यह घोषणा की कई थी कि पंजाब में विधानसभा चुनाव कांग्रेस अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में ही लड़ेगी। सिद्धू और उनके खेमे में इस पर सहमति बनती तब शायद कांग्रेस को थोड़ी राहत मिलती, लेकिन महत्वाकांक्षाओं के टकराव ने समूची पार्टी को नुकसान के दरवाजे पर ला खड़ा किया है। ध्यान रखने की जरूरत है कि आपसी मतभेदों और टकराव के चलते ही कांग्रेस कई राज्यों में हाथ आई सत्ता गंवा चुकी है। राजस्थान में पार्टी के आंतरिक झगड़े जगजाहिर रहे हैं। पार्टी के भीतर महत्वाकांक्षाओं के टकराव की वजह से आज दशा यह है कि कांग्रेस राष्ट्रीय फलक पर खुद को एक मजबूत विपक्ष के रूप में पेश नहीं कर पा रही है। जबकि मौजूदा वक्त में एक सशक्त विपक्षी पार्टी या गठबंधन की जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही है, जो आम जनता के अधिकारों को आवाज दे सके और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर न होने दे।

# 25 सितंबर दीनदयाल उपाध्याय जयंती विशेष- भारतबोध के साथ वैश्विक कल्याण का पथ एकात्म दर्शन

**डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

धरती के हर मनुष्य के साथ ठीक वैसा व्यवहार हो, जैसा हम दूसरों से अपने लिए चाहते हैं। परिवार, समाज,देश और यहां तक कि विश्व के सभी शासक अपने पर निर्भर लोगों के साथ उनके हित को ध्यान में रखते हुए एक जैसा व्यवहार करें को एकात्म मानव दर्शन का बीज मंत्र है।वस्तुतः पूरे जगत में एक ही चेतना का विस्तार है ।मनुष्य ,प्राणी और पर्यावरणीय तत्व अपने सुखी और शांतिपूर्ण अस्तित्व के लिए एक दूसरे पर निर्भर हैं।मनुष्य शरीर,मन,बुद्धि और आत्मा का समन्वय है।इन चारों का आपसी समन्वय बिगड़ने से दुख और संकट उपजता है।राजशाही,लोकतंत्र,साम्यवाद और पूंजीवाद पर आधारित शासन व्यवस्था मनुष्य को आत्मिक समृद्धि और भौतिक सुख एक साथ देनें में असफल साबित हुई हैं।जैसे मनुष्य में तन,मन,बुद्धि और आत्मा होती हैं वैसे ही समाज में भी ये चार तत्व होते हैं।इसी प्रकार राष्ट्र भी इन्ही चार तत्व होते हैं। देश के मौजूदा शासक दल का इसी एकात्म दर्शन की विचारभूमि पर खड़ा हुआ है।इस दर्शन को राजनीतिक विमर्श नवीसी में भले ही वाद या इज्म का नाम दिया जाता हो लेकिन सही मायनों में यह भारत का आधारभूत सैद्धान्तिक अधिष्ठान ही है।वेदों की ऋचायें से लेकर आदिगुरु के अद्वेन्त वेदांत तक और प्रधानमंत्री जी के सबका साथ सबका विश्वास सबका विश्वास मूलतःएकात्म दर्शन की अभिव्यक्ति और वचनबद्धता का दिगदर्शन ही कराता है।आज का भारत अगर लोकतंत्र के साथ वैश्विक व्यवस्था में अपनी प्रभावी भूमिका के साथ हमें नजर आ रहा है तो इसका आधार भी पार्टी के आराध्य पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा दिखाया गया एकात्म मानव दर्शन का पथ है जिसका अनुशीलन केंद्र और अन्य भाजपा शासित राज्य सरकारें कर रहीं है। भारतीय जनता पार्टी की रक्त शिराओं में एकात्म मानव दर्शन रूधिर बनकर दौड़ रहा है। जिस देश में कभी ये कल्पना ही नहीं की गई कि कांग्रेस के अलावा भी कोई राजनैतिक दल यहां स्थाई सरकार दे सकता है,आज भारत मे सबसे मजबूत सरकार चलाने की जिम्मेदारी भाजपा कार्यकर्ताओं के पास है। केवल केंद्र में ही नहीं, वरन् विभिन्न राज्यों में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकारें नए भारत में अपनी भूमिकाओं को लिख रहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हो, या फिर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत अन्य भाजपा शासित राज्य हर शासन व्यवस्था एकात्म भाव के साथ विकास और जनकल्याण के काम मे लगीं है। बुनियादी रूप अद्वैत वेदांत और एकात्म मानववाद एक ही हैं।यह अवधारणा वसुधैब कुटुम्बकम पर केंद्रित है।भाजपा के राजनीतिक दर्शन में गांधीवादी समाजवाद ,सर्वधर्म समभाव,राष्ट्रीय एकता और अखंडता,लोकतंत्र,एवं मूल्य आधारित राजनीति पँचनिष्ठाओं के रूप में एक नैतिक मार्गदर्शन देतीं है।वस्तुतः इन पँचनिष्ठाओं में ही एकात्म दर्शन की अभिव्यंजना है।आज हम गर्व के साथ कह सकतें है कि केंद्र की मोदी सरकार इस दर्शन को आधार बनाकर भारत में उस एकात्म भाव को सुस्थापित करने में लगी है जिसका नैतिक दायित्व हमें पंडित जी ने सौंपा है।खेती को लाभ का व्यवसाय बनाना हो या जनधन,मुद्रा,स्किल इंडिया जैसे अभियान अंततः समाज से आर्थिक भेदभाव का शमन हो ऐसी संकल्पना हमारी सरकारों से अभिव्यक्त होती है।पंडित जी जिस एकात्मता की वकालत करते है वह गहरी आर्थिक खाई के रहते संभव नही है।इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने सबके साथ और विकास का मॉडल दिया।भारत एक इकाई है इसलिए सबका विश्वास



जोड़कर अंततः एकात्म दर्शन को ही सशक्त किया गया।मप्र प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में दूसरे स्थान पर है और हम में से कोई भी यह दावा नही कर सकता है कि इस विशाल प्रदेश में किसी अल्पसंख्यक को उसके पंथ के आधार पर भेदभाव सहना पड़ा हो।यहां तक कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में तो वहां बनाये गए 25 लाख आवासों में से 35 फीसदी मुसलमानों को दिए गए है।यह एकात्म भाव के जीवंत दस्तावेज है।यह सर्वधर्म समभाव की पँचनिष्ठाओं का साकार भी है।ध्यान कीजिये एक दौर में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है।लेकिन यह एकात्म नही बल्कि अलगाव का विचार था।यह तुष्टीकरण था जबकि भाजपा पुष्टिकारक राजनीतिक सँस्कृति की हामी है।मप्र में शिवराज सिंह चौहान की सरकार को लगभग 15 साल होने को है लेकिन एक भी मामला ऐसा नही है जो किसी हितग्राही योजना में भेदभावपूर्ण प्रक्रिया का स्मरण कराता हो।एकात्म दर्शन भौतिक एवं आत्मिक सुख की आवश्यकता को अनिवार्य मानता है।मप्र सरकार ने अपनी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से व्यक्ति स्तर की इकाई को चिंतामुक्त जीवन का पथ प्रशस्त किया है।लाडली लक्ष्मी ,कन्यादान,से लेकर किसान और श्रमिक कल्याण की बीसियों योजनाओं के सहारे अंत्योदय को साकार किया है।तीर्थदर्शन जैसी योजनाएं और आनंद मंत्रालय आत्मिक सुख की खोज में व्यक्ति इकाई को सुखमय बनाने के प्रयास ही है।कहा जा सकता है कि मन को मान सम्मान चाहिये इसलिए आवास,शौचालय,किसान सम्मान निधि,स्किल इंडिया जैसे अभियान है।शरीर को आरोग्य इसलिए योग से लेकर आयुष्मान जैसे वैश्विक महत्व के प्रकल्प प्रतिष्ठित है।बुद्धि को ज्ञान विज्ञान इसलिए नई शिक्षा नीति से लेकर शोध और नवाचारों का एक नया संसार खड़ा किया जा रहा है।आत्मा को परमात्मा की नजदीकी इसीलिए तीर्थदर्शन जैसी सर्वसमावेशी योजनाओं के माध्यम से भाजपा सरकारें एकात्म इकाई के रुप में व्यक्ति के कल्याण को सुनिश्चित करने में लगीं हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्मक राज्य में केन्द्रीयकरण को कोई स्थान नही है वे स्पष्टतया एक समाज केंद्रित व्यवस्था के पक्षधर रहे है हाल ही में कोविड संकट के दौरान हमनें देखा कि मप्र की सरकार ने समाज की भागीदारी से किस तरह इस संकट का सामना किया है।वे एकात्म राज्य में प्रत्येक व्यक्ति को न्यूनतम जीवन स्तर की आश्वस्ति चाहते है।इस स्तर के बाद उत्तरोत्तर समृद्धि,राष्ट्र के लिए सम्यक प्रोधोगिकी,स्वदेशी की आवश्यकता ओर जोर देते हैं।आत्मनिर्भर भारत का संकल्प और इसका रोडमैप भी भारत को एकात्मता की ओर उन्मुख करने वाला बुनियादी कदम है।भारत को भारतबोध के साथ वैश्विक कल्याण में अपनी भूमिका का शाश्वत पथ प्रशस्त करने वाले ऐसे महान मनीषी की जयंती पर शत शत नमन।

## वाणी का शरीर पर प्रभाव

### प्रसन्नता से होता है शरीर पुष्ट एवं प्रोध से होती है हानी

मानव शरीर में अनेक ग्रंथियां होती हैं,पियूष ग्रंथि मस्तिष्क में होती है, उससे 12 प्रकार के रस निकलते है, जो भावनाओं से विशेष प्रभावित होती हैं। जब व्यक्ति प्रसन्नचित होता है, तो इन ग्रनथियों से विशेष प्रकार के रस बहने लगते है, जिससे शरीर पुष्ट होने लगता है, बुद्धि विकसित होती है, रक्त गति सामान्य रहती है। जब मनुष्य अधिक बोलता है, तो रक्त की गति अनावश्यक प्रभावित होती है। जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है,खून के थक्के बनने लगते है । इसी प्रकार प्रोध अधिक करने से खून का बहाव कम हो जाता है, खून जमने की शक्ति बढ़ जाने से मृत्यू भी संभव है। अपने जीवन में ज्यादा बोलना अभिशाप हो सकता है। अधिक बोलने से पाचन क्रिया पर गलत प्रभाव पड़ता है, शरीर की अधिक शक्ति खर्च होती है, पेट की माँसपेशियां खिचने लगती है, पाचन रस ग्रंथियों से नही निकलता, शरीर में विटामिन, खनिज तत्व एवं हार्मोन्स की कमी हो जाती हैं। शरीर रोगी हो जाता है, मानसिक दुर्बलता आ जाती है, स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है, याददाश्त कमजोर हो जाती है, अतत्वाणी का प्रभाव शरीर पर पड़ता है। हर प्राणी को अपना जीवन झूठा, बनावटी, जोर जोर से बोलने बाला ना बना कर शांत चित बनाना चाहिए ।


## कान्ग्रेसः गांधी से गांधी तक

**ओमप्रकाश मेहता**

**स्वर्णिम इतिहास पर कालिख पोतने की तैयारी**

भारत की वयोवृद्ध कांग्रेस पार्टी पिछले सात सालो से राजनीति की गहन चिकित्सा इकाई आईसीयू में अंतिम सांस की बाट जो रही है और इस इंतजार में वह इतनी परेशान हो गई है कि अब उसने आत्महत्या के प्रयास शुरू कर दिए हैं, इसकी गैर अनुभवी अशिक्षित चिकित्सक उसे बचा नहीं पा रहे हैं और धीरे-धीरे इसके समर्पित सेवक भी इसे अपने हाल पर छोड़कर पलायन करने लगे हैं।

करीब डेढ़ सौ साल पुरानी कांग्रेस पार्टी का बड़ा स्वर्णिम इतिहास रहा है, जैसे देश को अंग्रेजों से मुक्त करवाने का तमगा भी मिला हुआ है, किंतु इसका यह दुर्भाग्य है कि इस उम्र में ऐसे कई गंभीर बीमारियों ने घेर लिया है और इसके मौजूदा योग्य चिकित्सक इसका इलाज नहीं कर पा रहे हैं और यह न दिनों दिन शनै-शनै हैं अपनी इतिश्री की ओर अग्रसर हो रही है और आगामी कुछ ही वर्षों में यह इतिहास बन जाएगी। यदि हम कांग्रेस का इतिहास उठाकर देखें तो यह वही एकमात्र राजनीति की दल है जिसने छह दशक से भी अधिक आजादी की लड़ाई लड़ी और अंततः 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों के शिकंजे से देश को मुक्त कराया था जिसकी अगुवाई अहिंसक आंदोलन के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने की थी, जिस कांग्रेस ने एक गांधी के नेतृत्व में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर पूरे देश का दिल जीत लिया था और उसी कांग्रेस को एक गांधी परिवार ने ही उसे आत्महत्या के कगार पर खड़े होने को मजबूर कर दिया है, जबकि आज के राजनीतिक परिवेश में एक सशक्त प्रति पक्षी दल की देश को आवश्यकता है आज वैसे ही देश सशक्त विरोधी के अभाव में निरंकुशता की ओर बढ़ रहा है और ऐसे में इसे रोक पाने की क्षमता किसी भी राजनीति की दल में शेष नहीं रह गई है ।



आज देश के केवल तीन चार राज्यों में ही कांग्रेस का वजूद बचा पाया है और इन राज्यों की भी हालत यह है कि इन राज्यों के तथाकथित पार्टी संरक्षण नेता अपनी महत्वाकांक्षा पूरी नहीं हो पाने के कारण पार्टी का वजूद खत्म करने पर तुले हैं। जिसका ताजा उदाहरण पंजाब है जो पार्टी आलाकमान के गुनाहों का शिकार हो गया है गैर अनुभवी और सर्वथा अयोग्य आलाकमान ने एक ऐसे कथित राष्ट्र विरोधी अवसरवादी सरदार नेता को प्रश्रय दिया जिसने पार्टी के प्रति समर्पित मुख्यमंत्री के खिलाफ साजिशें रच कर उन्हें पद ही नहीं पार्टी छोड़ने को भी मजबूर कर दिया, इस प्रदेश में मात्र 5 महीने बाद विधानसभा चुनाव होना है कोमा तब यहां कांग्रेसका भविष्य क्या होगा? यह किसी से भी छुपा हुआ नहीं है, इसी परीक्षित से देश पर राज कर रही भाजपा बहुत खुश है।

राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस की ही सरकार है किंतु इन राज्यों में भी सत्तारूढ़ पार्टी आप ही स्वार्थ के संघर्ष में कोई भी हुई है और आगे पीछे इन राज्यों में भी मध्यप्रदेश में पंजाब की पुनरावृति अभी से नजर आने लगी है। लगभग 34 महीनों पहले हुए विधानसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस को भी बहुमत मिला था, किंतु एक अनुभवी मुख्यमंत्री की भी सरकार को गिरने से बचा नहीं पाए और आपकी व्यक्तिगत प्रतिद्वंदिता सरकार को ले डूबी और यहां भाजपा की सरकार बन गई, लगभग यही स्थिति कभी मध्यप्रदेश का हिस्सा रहे छत्तीसगढ़ राज्य की सरकार की निर्मित होती जा रही है और पद की लालसा पार्टी के सभी बंधनों को तोड़कर उसे गर्त में अब आने की तैयारी कर रही है, यही स्थिति राजस्थान सरकार की है, जहां मध्यप्रदेश की तरह ही स्थानीय प्रभावी युवा नेता की उपेक्षा की जा रही है और बूढ़े नेतृत्व को प्रश्रय दिया जा रहा है, जो कभी भी राजनीति विस्फोट को जन्म दे सकता है। इस प्रकार कुल मिलाकर कांग्रेस की राज्य सरकारों की स्थिति भी पार्टी जैसी ही है कमा लो कभी भी अंतिम सांस ले सकती है पार्टी और इसकी सरकारों की इस दयनीय स्थिति के लिए और कोई नहीं सिर्फ और सिर्फ इसके आयोग के वह गैर अनुभवी वे लोग हैं जिन्हें यह पार्टी वसीयत में प्राप्त हुई और यह अपनी वसीयत की रक्षा करने और उसे नया जीवन दान देने की अपेक्षा उसकी अंतिम यात्रा निकालने वह दफनाने की तैयारी में है।

# डेंगू का प्रकोपः भारी न पड़ जाए लापरवाही!

### सूडोकु नवताल-5843

**** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5842 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

**श्वेता गोयल**

कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के प्रकोप से हम अभी तक उबरे भी नहीं हैं और विशेषज्ञ कोरोना की तीसरी लहर के खतरे को लेकर भी बार-बार चेता रहे हैं, ऐसे विकट दौर में डेंगू ने जो कोहराम मचाना शुरू किया है, उससे चिंता बढ़ने लगी है। इन दिनों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान सहित देश के कई राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। डेंगू के एक नए प्रतिरूप ने तो स्वास्थ्य तंत्र के समक्ष एक नई और गंभीर चुनौती खड़ी कर दी है। डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। बीते दिनों देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं।

वैसे देश में इस समय डेंगू का जो प्रकोप देखा जा रहा है, ऐसा कोई पहली बार नहीं हो रहा है बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन-प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। वैसे तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न



आया जाए और इसके लिए अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्रायः गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए।

यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार-पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों में यह देखने को भी मिलता है कि डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में मरीज और उसके परिजनों को यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया है लेकिन ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है। किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरूआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानियां और सतर्कता बरता जाना बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ-सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। दरअसल अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ-सफाई तो कर लेते हैं किन्तु अपने आस-पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्रायः बहुत भारी पड़ती है।

अगर किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए। डेंगू के मरीज को संतुलित और पौष्टिक आहार ही दिया जाना चाहिए। डेंगू के उपचार में बहुत से लोग घरेलू नुस्खों का भी सहारा लेते हैं और इन नुस्खों में तुलसी का उपयोग बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा डेंगू हो जाने पर घरेलू नुस्खों में नारियल पानी एक अच्छा विकल्प है, जिसे शरीर में रक्त कोशिकाओं की कमी को पूरा करने में मददगार माना जाता है। दरअसल नारियल पानी में काफी मात्रा में इलैक्ट्रोलाइट्स के अलावा बहुत सारे खनिज पदार्थ भी होते हैं। डेंगू के उपचार में विटामिन सी से भरपूर वस्तुओं का उपयोग भी बहुत लाभकारी माना गया है, जो शरीर के रोग प्रतिरोधी तंत्र को मजबूत बनाए रखती हैं।

## पिछड़े की कोई जाति नहीं होती

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

सर्वोच्च न्यायालय के एक प्रश्न के जवाब में भारत सरकार का यह कहना पूर्णतया तर्कसंगत है कि जनगणना करते समय अन्य पिछड़ी जातियों की जनगणना नहीं की जाएगी। महाराष्ट्र सरकार ने अदालत से कहा है कि वह केंद्र सरकार को यह निर्देश दे कि वह इस साल हो रही जनगणना में पिछड़ी जातियों की भी गणना करे। महाराष्ट्र की शिवसेना और कांग्रेस की गठबंधन सरकार का तर्क यह है कि 2011 की जनगणना में सरकार ने एक आयाम जोड़ा था, जिसके अंतर्गत जातियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर आंकड़े इकट्ठे किए गए थे। सरकार ने वे आंकड़े उस वक्त जाहिर नहीं किए थे। उन्हें वह अब जाहिर करे। इस तर्क को रद्द करते हुए सरकार ने कहा है कि उस समय इकट्ठे किए गए आंकड़े इतने अजीबो-गरीब थे कि उन्हें जाहिर करना उचित नहीं होता। यह ठीक है कि अब तक सिर्फ अनुसूचित जातियों और कबीलों की गणना की गई है। जहां तक पिछड़ों की गणना का सवाल है, पहली बात तो यह है कि हर जाति के लोग अपने आप को पिछड़ा बताने के लिए तैयार हो जाते हैं, क्योंकि नौकरियों में आरक्षण की चूसनी उनके लिए लटकाई जाएगी। उसका नतीजा यह होना है कि किसी प्रदेश के एक जिले में जो जाति सवर्ण है, वही दूसरे प्रदेश के अन्य जिले में पिछड़ी है। अकेले महाराष्ट्र में जो हुआ, वही हमारे लिए बड़ा सबक है। महाराष्ट्र की आबादी 10 करोड़ 3 लाख है। उसमें से 1.17 ने लिखाया कि उनकी कोई जाति नहीं है। शेष लोगों ने अपनी-अपनी जातियां लिखवाई, जिनकी संख्या 4 लाख 28 हजार थी। इनमें अनुसूचित और पिछडी जातियों की संख्या सिर्फ 494 थी। इनमें भी ज्यादतर जातियों में 100 से ज्यादा लोग नहीं होते थे। 1931 की जनगणना में जातियों की संख्या पूरे भारत में 4147 थी लेकिन 2011 की जनगणना में उनकी संख्या छलांग मारकर 46 लाख तक पहुंच गई। किसी भी व्यक्ति की जाति को निर्धारित करने का कोई निश्चित वैज्ञानिक पैमाना नहीं है। वह जो कह दे, वही सही है। सच्चाई तो यह है कि पिछड़ा, पिछड़ा होता है। उसकी कोई जाति नहीं होती। हर जाति में पिछड़े हैं और हर जाति में अगड़े हैं। इसीलिए जनगणना करनेवाले बाबू लोग कभी-कभी बड़े विभ्रम में पड़ जाते हैं। वे देखते हैं कि गांवों के बड़े-बड़े जमींदार, जिनके बच्चे विदेशों में पढ़ रहे हैं, वह अपनी जात के आधार पर अपने को पिछड़ों में शामिल करवा लेते हैं। सरकार ने 2011 में पिछड़ेपन का सर्वेक्षण करवाया था। उसमें जाति संबंधी जानकारी भी मांग ली जाती थी लेकिन 2010-11 में चले हमारे सर्वदलीय 'मेरी जाति हिंदुस्तानी' आंदोलन ने इतना तगड़ा दबाव बनाया कि सरकार ने उन आंकड़ों को प्रकट ही नहीं किया।

# ट्रेडमिल पर बिना दौड़े करें ये एक्सरसाइज, मिलेंगे कई स्वास्थ्य लाभ



फिट रहने के लिए ट्रेडमिल पर दौड़ना एक अच्छा विकल्प है, लेकिन अगर हम यह कहें कि आप ट्रेडमिल पर बिना दौड़े ही अपने शरीर को फिट एंड फाइन रख सकते हैं तो? जी हां, ट्रेडमिल पर बिना दौड़े कुछ ऐसी एक्सरसाइज की जा सकती है, जो आपको कई तरह के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ देने में काफी मदद कर सकती है। चलिए फिर आज हम आपको ऐसी ही कुछ आसान ट्रेडमिल एक्सरसाइज करने का तरीका बताते हैं।

### वॉकिंग लंग्स ट्रेडमिल एक्सरसाइज

वैसे तो वॉकिंग लंग्स एक्सरसाइज जिम फ्लोर पर की जाती है, लेकिन इस पर करना काफी मुश्किल हो जाता है। आप चाहें तो यह एक्सरसाइज अपने ट्रेडमिल पर भी कर सकते हैं। इसे करने के लिए ट्रेडमिल को धीमी रफ्तार पर सेट करें, फिर एक पैर को आगे की ओर ले जाएं और दूसरे पैर के घुटने को जमीन पर छूएं। इसी तरह से 10-20 बार दोनों पैरों के साथ आप यह एक्सरसाइज ट्रेडमिल पर कर सकते हैं।

### साइड शफल ट्रेडमिल एक्सरसाइज

साइड शफल ट्रेडमिल एक्सरसाइज से हृदय को काफी फायदा होता है। वहीं, यह जांघों के अंदर और बाहर दोनों तरफ की मांसपेशियों को टोन करती है। इसे करने के लिए ट्रेडमिल को 3 से लेकर 5.5 एमपीएच की स्पीड पर सेट करें। अब अपने घुटनों को हल्का सा मोड़कर ट्रेडमिल पर साइड फेस करके खड़े हो जाएं। इसके बाद ट्रेडमिल को शुरु करके तेज गति से साइड शफल करना शुरु करें।

### वॉकिंग ट्रेडमिल प्लैंक एक्सरसाइज

अगर हमेशा एक ही तरह की प्लैंक एक्सरसाइज करके थक चुके हैं तो वॉकिंग ट्रेडमिल प्लैंक कर सकते हैं। इसे करने के लिए ट्रेडमिल को 1 से 2 एमपीएच की स्पीड पर सेट करें। इसके बाद ट्रेडमिल से नीचे उतर जाएं और अपनी दोनों हथेलियों को ट्रेडमील पर रख कर प्लैंक पॉजीशन में खड़े हो जाएं। इस दौरान सिर से लेकर एड़ी तक शरीर को एक सीधी अवस्था में रखें और प्लैंक एक्सरसाइज करें।

### रिवर्स माउंटेन क्लाइंबर ट्रेडमिल एक्सरसाइज

रिवर्स माउंटेन क्लाइंबर ट्रेडमिल एक्सरसाइज करने से आपके पैर और घुटनों के साथ-साथ कमर की स्थिति सुधारने में काफी मदद मिल सकती है।

इसे करने के लिए ट्रेडमिल को 1 से 2

## आलिया भट्ट की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी से जुड़े मीजान जाफरी



मशहूर अभिनेता जावेद जाफरी के बेटे मीजान जाफरी आए दिन किसी ना किसी वजह से सुर्खियों में रहते हैं। आखिरी बार उन्हें फिल्म हंगामा 2 में देखा गया था। अब एक बार फिर वह चर्चा में आ गए हैं। दरअसल, आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म से मीजान भी जुड़े हैं। उन्होंने एक हालिया इंटरव्यू में खुद यह खुलासा किया है। एक्टर बनने के बावजूद उन्होंने एक अलग चीज में हाथ आजमाया। मीजान जाफरी ने बताया कि फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में उन्होंने बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर की भूमिका निभाई है। मीजान ने कहा, इस फिल्म के एक असिस्टेंट की तबीयत खराब हो गई थी, जिसके बाद मुझे इस फिल्म का हिस्सा बनना पड़ा। इसके साथ ही मीजान ने बताया कि आलिया भट्ट और अजय देवगन को सेट पर एक्टिंग करते देख उन्हें दोनों से ही काफी कुछ सीखने और समझने को मिला। मीजान ने कहा, सेट पर कई लोग मुझे इस रोल में देखकर हैरान रह गए। क्लैप को हाथ में पकड़ना, भाग-दौड़ करना, जूनियर आर्टिस्ट को इकट्ठा करना। उन्होंने कहा, संजय लीला भंसाली सर के सेट पर जूनियर आर्टिस्ट करीब 300 होते हैं। जो भी आता था, यही पूछता था कि आप यह कैसे कर रहे हो? पता नहीं हम इन चीजों को करने में इतना छोटा क्यों महसूस करते हैं या इन्हें बाकी काम से छोटा क्यों समझते हैं? मीजान ने कहा, भविष्य में ये चीजें आपको आगे बढ़ने में मदद करती हैं। मैं एक्टर बन चुका हूं, इसका मतलब यह नहीं कि मैं असिस्टेट डायरेक्टर का काम नहीं संभाल सकता। उन्होंने कहा, मैं सेट पर भागा-दौड़ी करता था। जूनियर आर्टिस्ट के शूलेस बांधता था। उन्हें चप्पल पहनने के लिए कहता था। मैंने वे सभी काम किए हैं, जो सेट पर किए जाते हैं। मुझे फिल्ममेकिंग की क्रिया काफी पसंद है। ऐसे में मेरे लिए कुछ मायने नहीं रखता।



# प्यार का पंचनामा फेम इशिता राज की बोल्ड तस्वीरों ने ढाया कहर



बॉलीवुड में इन दिनों कोई ना कोई एक्ट्रेस वेकेशन मनाने जा रहीं हैं। इसी लिस्ट में एक नया नाम सामने आया है जो कि इशिता राज शर्मा का है। इशिता राज शर्मा इन दिनों अपने वेकेशन एन्जॉय कर रहीं है। वेकेशन एन्जॉय करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें भी शेयर की है। जिसमें वह कहर बरपा रहीं है। इशिता राज शर्मा की ये तस्वीरें बेहद ही खूबसूरत है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उन्होंने कैमरा के लिए अलग-अलग अंदाज़ में फोटोशूट करवाया है। एक्ट्रेस पूल साइट पर पोज़ करते हुए काफी खुश नज़र आ रहीं है। वे अपनी इन तस्वीरों से फैंस की रातों की नींद उड़ा रहीं हैं। उनकी ऐसी तस्वीरें देखकर किसी का भी मन छुट्टियों पर जाने का करेगा। इशिता फैंस को अपनी अपडेट्स देने के लिए सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती है।

बता दें, एक्ट्रेस ने सबसे पहले मॉडलिंग में अपनी किस्मत आज़माई थी। उसके बाद उन्हें 2011 में वाइल्ड फ्रेम पिक्चर्स के निर्देशन में बनी फिल्म प्यार का पंचनामा में देखा गया था। जिसमें उन्होंने चारू नाम की लड़की का किरदार निभाया था। फिल्म में सभी न्यूकमर्स थे और उन्हीं न्यूकमर्स के साथ फिल्म ने बड़े पर्दे पर अपना बेस्ट दिया थी। इशिता ने 2015 में मेरठिया गैंगस्टर्स फिल्म में भी काम किया था। इशिता राज शर्मा को लव रंजन की फिल्म प्यार का पंचनामा में भी देखा जा चुका है। जिसमें उन्होंने पीहू का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उन्हें ओमकार कपूर के अपोजिट कास्ट किया गया था। इशिता को 2018 में सोनू के टीटू की स्वीटी फिल्म में भी देखा जा चुका है। फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ऊपर की कमाई की थी।

# तापसी पन्नू की 'रश्मि रॉकेट' ओटीटी पर होगी रिलीज

हसीन दिलरुबा के बाद अभिनेत्री तापसी पन्नू की दूसरी फिल्म रश्मि रॉकेट ने भी अब ओटीटी का रास्ता पकड़ लिया है। फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान भी हो गया है। तापसी काफी समय से अपनी इस फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं और अब जबकि इसकी रिलीज डेट सामने आ गई है तो फैंस इसे लेकर ज्यादा उत्साहित हो गए हैं। तापसी ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है।



तापसी पन्नू अभिनीत रश्मि रॉकेट 15 अक्टूबर यानी दशहरे के मौके पर दर्शकों के बीच आएगी। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी। तापसी ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक पोस्टर साझा कर यह जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, ये चुनौतियों से भरी दौड़ शुरू हो चुकी है और अब यह रावण दहन पर आकर ही रुकेगी। इस साल रश्मि को बहुत कुछ नष्ट करना है। यह इस साल 15 अक्टूबर को जी5 पर दस्तक देगी। तापसी ने कहा, आमतौर पर मेरे पास जब कोई फिल्म आती है तो इसके निर्देशक पूरी स्क्रिप्ट लेकर ही मुझसे संपर्क करते हैं, लेकिन चेन्नई में रश्मि रॉकेट की सिर्फ एक लाइन मेरे पास आई और मैंने भी इसके लिए फौरन हां कर दी। उन्होंने कहा, पहले दिन से ही हर कोई कहानी के बारे में इतना निश्चित था कि इसके लिए टीम बनाने में कभी भी किसी मोड़ पर दिक्कत नहीं आई। मुझे अपनी इस फिल्म पर गर्व है। रश्मि रॉकेट में तापसी के अलावा सुप्रिया पाठक, अभिषेक बनर्जी, प्रियांशु पेन्युली और सुप्रिया पिलगांवकर भी हैं। यह छोटे से गांव की एक ऐसी युवती की कहानी है।

## डिब्बाबंद नहीं हुई सलमान की फिल्म कभी ईद कभी दिवाली




बीते दिनों सोशल मीडिया पर यह खबर आग की तरह फैल गई कि निर्माता साजिद नाडियाडवाला की सलमान खान अभिनीत फिल्म कभी ईद कभी दिवाली ठंडे बस्ते में चली गई है। इस खबर के बाद सलमान के प्रशंसक निराश हो गए, लेकिन अब खबर आ रही है कि यह फिल्म डिब्बाबंद नहीं हुई है। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने सोशल मीडिया पर इन अफवाहों को खारिज कर दिया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि सलमान इस फिल्म को डिब्बाबंद करने वाले हैं। वह अपनी पिछली फिल्म राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई के फ्लॉप होने के कारण इस फिल्म को बंद कर रहे हैं। बताया गया कि जिस तरह से शाहरुख खान को फिल्म जीरो की असफलता से जोर का झटका लगा था, उसी तरह राधे ने सलमान को झकझोर कर रख दिया है। लिहाजा उन्होंने कभी ईद कभी दिवाली को बंद करने का फैसला किया है। इस फिल्म के प्रोडक्शन हाउस नाडियाडवाला मूवीज ने ट्वीट कर पोर्टल की खबर को बकवास करार दिया है। प्रोडक्शन हाउस के हैंडल पर लिखा गया, हम इस तरह की बकवास खबरों को खारिज करते हैं। फिल्म के लिए सेट बनाया जा चुका है और गाने भी रिकॉर्ड किए जा चुके हैं।

# येलो ड्रेस में नोरा फतेही ने बिखेरा अपना जलवा, सिजलिंग अंदाज पर फिदा हुए फैंस



नोरा फतेही फैन्स के बीच अपने शानदार डांस और स्टाइलिश अंदाज के लिए पहचानी जाती हैं। नोरा अपने फैन्स का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। नोरा ने अपने डांस के साथ-साथ एक्टिंग से भी जाना जाता है। हालही में उनकी फिल्म भुज द प्राइड ऑफ इंडिया रिलीज हुई है, जिसमे उनके किरदार को काफी पसंद किया गया है। अब उन्होंने फैन्स के साथ अपनी लेटेस्ट फोटो शेयर की है। इस फोटो में नोरा फतेही ने येलो कलर की स्किन फिट शानदार सी ड्रेस पहनी हुई है। फोटो में उनका स्टाइल और लुक काफी जबरदस्त लग रहा है। फैन्स उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं। इंटरनेट पर ये फोटो खूब वायरल हो रही है। नोरा फतेही ने अपने ये लेटेस्ट फोटो इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है। इस फोटो के साथ नोरा ने कैप्शन में लिखा है मैंने जेन और फिंच से इस सारी गंदगी को कैसे दूर किया.. मैं अपने संकटों के साथ 6 के माध्यम से भाग रही थी। फोटो में उनके स्टाइलिश लुक की काफी तारीफ हो रही है। बता दें, नोरा फतेही ने बिग बॉस से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कई सुपरहिट सॉन्ग में काम किया। बॉलीवुड में दिलबर और गर्मी जैसे स्पेशल सॉन्ग ने नोरा फतेही को खूब पहचान दिलाई है। वहीं हालही में नोरा, अजय देवगन और सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया में नजर आई हैं, जिसमें उनके एक्टिंग को काफी पसंद किया गया है।

# ब्लैकहेड्स निकालते समय न करें ये गलतियां, त्वचा को हो सकता है नुकसान



तेल, डेड स्किन सेल्स और गंदगी आदि जब लगातार त्वचा पर जमा होने लगती हैं तो इससे ब्लैकहेड्स की समस्या हो जाती है। ब्लैकहेड्स को आम भाषा में कील भी कहा जाता है। वैसे इस समस्या से आप आसानी से राहत पा सकते हैं, लेकिन इन्हें निकालते समय कुछ लोगों से ऐसी गलतियां हो जाती हैं, जिसका हर्जाना त्वचा को भुगतना पड़ सकता है। आइए जानते हैं कि ब्लैकहेड्स निकालते समय किन-किन गलतियों से बचना चाहिए।

**दबा-दबाकर ब्लैकहेड्स न निकालें:** कई लोग त्वचा को बहुत अधिक दबाकर रोमछिद्रों के अंदर मौजूद ब्लैकहेड्स को निकालने की कोशिश करते हैं, लेकिन ऐसा करना बिल्कुल गलत है। बेहतर होगा कि आप उन ब्लैकहेड्स को रिमूवर से निकालें, जो त्वचा पर साफ दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद आप त्वचा के भीतर मौजूद ब्लैकहेड्स को निकालने का प्रयास करें, लेकिन इसके लिए त्वचा को बहुत जोर से न दबाएं। अगर आप ऐसा करते हैं तो इससे आपकी त्वचा और खराब हो सकती है।

**स्क्रब करने का तरीका गलत होना:** यह बात सच है कि त्वचा को स्क्रब करने से डेड स्किन सेल्स बाहर निकल जाते हैं, जिससे ब्लैकहेड्स भी निकल जाते हैं। हालांकि, कुछ लोग ब्लैकहेड्स निकालने के चक्कर में त्वचा को बहुत हार्श तरीके से स्क्रब करना शुरू कर देते हैं जिससे ब्लैकहेड्स नहीं निकलते हैं और ऊपर से त्वचा को जलन, रैशेज और तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ जाता है। इसलिए आप ऐसी गलती न करें और हमेशा जेंटल तरीके से त्वचा को स्क्रब करें।

**गंदे ब्लैकहेड्स एक्सट्रैक्टर का न करें इस्तेमाल:** ब्लैकहेड्स से राहत पाने के लिए कई लोग एक्सट्रैक्टर का इस्तेमाल करते हैं और अगर आप भी इन लोगों में शामिल हैं तो इस्तेमाल से पहले इसे अच्छे से साफ कर लें। दरअसल, गंदे एक्सट्रैक्ट का इस्तेमाल त्वचा के रोमछिद्रों में संक्रमण और अन्य कई तरह की त्वचा संबंधी समस्याओं की वजह बन सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि आप हर बार इस्तेमाल से पहले और बाद में अपने ब्लैकहेड्स एक्सट्रैक्ट को गर्म पानी और साबुन से साफ करें।

**अधिक मेकअप का इस्तेमाल है नुकसानदायक:** बहुत से लोग त्वचा के ब्लैकहेड्स को छुपाने या दूर करने के लिए न जाने कितनी तरह के स्किन केयर या मेकअप के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ये प्रोडक्ट्स उनकी त्वचा के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं।

## अजय देवगन ने रीक्रिएट किया 'फूल और कांटे' वाला स्टंट, इस बार ट्रक पर आए नजर



यह तो जगजाहिर है कि ऐक्शन के मामले में ऐक्टर अजय देवगन माहिर हैं। वह लंबे वक्त से फैंस को अपने स्टंट्स से इम्प्रेस करते आए हैं लेकिन फूल और कांटे का उनका स्टंट कोई भी भूल नहीं सकता है। 'गोलमाल सीरीज' और 'सन ऑफ सरदार' में उसी सीन को रीक्रिएट करने के बाद अब अजय ने एक बार फिर अपकमिंग प्रॉजेक्ट के लिए फेमस स्टंट को दोहराया है। अजय ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो क्लिप शेयर किया है जिसमें वह आइकॉनिक स्टंट को परफॉर्म करते दिख रहे हैं। 1991 में आई फिल्म में उन्होंने स्टंट बाइक पर किया था जबकि 30 साल बाद ऐक्टर उसी स्टंट को ट्रक पर करते नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ वीडियो शेयर करते हुए अजय ने कैप्शन दिया, 'इसने मुझे उस स्प्लिट की याद दिला दी जो मैंने 30 साल पहले किया था! आपके लिए लेकर आए हैं, एंटरटेनमेंट और वैल्यू की डबल गारंटी! ज्यादा जानकारी के लिए जुड़े रहें।' प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो अजय अब कई इंट्रेस्टिंग प्रॉजेक्ट्स में नजर आएंगे।

## वन-टू-वन

### मूक बधिर विद्यायल के सहयोग से कोतवाली पुलिस ने बदहाल महिला को उपचार के बाद मिलाया उसके पति से



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** रात्रि में डायल हंड्रेड द्वारा एक बदहाल महिला को थाना कोतवाली लाकर बताया कि उक्त महिला सपा पहाड़ इलाके में बदहाल हालात में घूमती मिली है जिस पर उक्त महिला जो अपना नाम पता बताने में अक्षम थी ईलाज उपरांत मूकबधिर विद्यालय दतिया छोड़ा गया *मूक बधिर विद्यालय के संचालक सुख सिंह गौतम व उनके परिवार की सेवा की* बदौलत उक्त महिला के स्वास्थ्य में सुधार हुआ और उसने अपना नाम नारायणी पत्नी फूल सिंह आदिवासी निवासी सेवड़ा चुंगी का होना बताया आज दिनांक को उक्त महिला को उसके पति के साथ थाना प्रभारी कोतवाली रविन्द्र शर्मा द्वारा उपहार देकर घर भेजा गया। पति को महिला को अच्छे से रखने व उपचार निरंतर जारी रखने व उपचार की समस्त जिम्मेदारी लेकर रवाना किया । आप भी अपने आस पास निराश हताशा में भरे लोगो को देखे तो उनकी मदद करे व थाना प्रभारी कोतवाली रविन्द्र शर्मा 9300599021 व मूक बधिर विद्यायल के संचालक सुख सिंह गौतम 9926263466 को अवगत करावे तथा उक्त संस्था कि मदद भी करे ।

### शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में दिनांक 24 सितंबर 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया



**संवाददाता बृजपाल सिंह गुर्जर**
**पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव जिसमें सभी एनएसएस स्वयं सेविका ने सहभागिता दी सबसे पहले मां सरस्वती को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का संचालन किया गया यह कार्यक्रम का प्राचार्य डॉ. आरके सक्सेना जी के निर्देशन में किया गया इस अवसर पर डॉ. आरके सक्सेना द्वारा बी प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया ।साथ ही इस अवसर समस्त छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया । इस कार्यक्रम में आर के डबरिया श्रीमती गिरिजा नरवरिया डॉ. हर्षद मिश्रा अनुग्रहदत्त शर्मा राधा कृष्ण शर्मा दुर्गेश गुप्ता सुनील बंसल आलोक मिश्रा वंदना श्रीवास्तव पुरुषोत्तम सिंह तोमर शिवप्रकाश नरवरिया अनिल त्यागी पूरनलाल (मुख्य लिपिक) पूरन सिंह रमेश कुमार शर्मा शैलेंद्र रमन एवं सुशील चौधरी उपस्थित रहे।

### इस्कॉन के संस्थापक आचार्य ऐ.सी.भक्तिवेदांत स्वामी श्रिला प्रभुपाद की 125 वी जयंती मनाई

**महेन्द्रसिंह राजपुरोहित का किया बहुमान**
**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा**

. मैसूरु.ः- शुक्रवार इस्कॉन के संस्थापक आचार्य ऐ.सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रिला प्रभुपाद की 125 वी जयंती अशोका रोड़ में मनाई गई द्य सर्व प्रथम भगवान



श्रीकृष्ण व आचार्य की तस्वीर पर पुष्पहार पहनाकर दीप प्रज्वलित कर संतो का द्वारा श्रीकृष्णा का महिमा मंडन करते हुए संकीर्तन किया गया द्य समाजसेवी बनूर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित की ओर से भक्तो को भागवतम ग्रंथ का वितरण किया गया द्य इस अवसर पर अमोघ लिला दास,महापुरण दास, रखाल प्रभु,राजस्थान विष्णु सेवा ट्रस्ट मैसूरु के सलाहकार एच. रतनचंद राजपुरोहित,समाजसेवी बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित, राजकुमार सोनी,मदनलाल राजपुरोहित,प्रकाश दक, पंडित गोविंद गोपाल त्रिपाठी, जयराम सीरवी,रमेश कुमार पुरोहित, वीरेश, चेतन सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे द्य

### प्रशासन गांव के संग अभियान के तहत बैठक का किया आयोजन

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**रानी पाली।** रानी पंचायत समिति के ग्राम पंचायत किशनपुरा प्रशासन गावों के सग अभियान के तरह गांव सभा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता



विकास अधिकारी पंचायत समिति रानी आवड दान सिंह चारण के द्वारा की गई। उन्होंने सरपंच द्वारा भारतीय संस्कृति केअनुसार स्वागत किया गया सर ने सरकारी योजनाओं के बारे मे बताया गया की पात्र परिवार को मौका मिले और कोई वँचित ना रहे आगामी शिविर की दिनांक बताई गई ग्राम विकास अधिकारी महावीर सिंह ने बताया की प्रत्येक वार्ड पंच को अपने वार्ड मे आने वाले समस्या के बारे मे बताये तथा सभी को इन शिविर के बारे मे जानकारी फीस दक्ष प्रशिक्षक सीता कड़ेला ने चरागाह भूमि संबंधित जानकारी दी व 19 विभाग के बारे मे जानकारी बताई गई।

# स्वदेशी जागरण मंच अर्थ चिंतन 2021 प्रथम दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** स्वदेशी जागरण मंच ग्वालियर महानगर संयोजक के. सी. शर्मा से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार स्वदेशी जागरण मंच की प्रेरणा से दिनांक 23 सितंबर को आयोजित % अर्थ चिंतन 2021 % के पहले दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों , नीति आयोग के उपाध्यक्ष सहित अनेक विद्वानों ने भाग लिया । कार्यक्रम का प्रारम्भ करते हुए एसोसिएशन आफ इंडियन यूनिवर्सिटी की महामंत्री श्रीमति ( प्रो . ) पंकज मित्तल ने आने वाले समय में गाँवों से भारी मात्रा में शहरों की ओर पलायन से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों की तरफ ध्यान दिलाया । स्वदेशी शोध संस्थान के प्रमुख एवं कार्यक्रम के मुख्य आयोजक प्रो . भगवती प्रकाश शर्मा ( कुलपति - गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी ) ने भारत की कृषि , एम.एस.एम.ई. , प्राकृतिक संसाधन , युवा शक्ति और उसकी उद्यमिता में अंतर्निहित संभावनाओं की ओर संकेत करते हुए कहा कि भारत में न केवल रोजगार की भावी चुनौतियों से निपटने की क्षमता है , बल्कि इनके बल पर भारत दुनिया में सिरमौर बन सकता है । सबको गरीबी से बाहर निकालते हुए और हर हाथ को काम देते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की जा सकती है । पर्यावरण की रक्षा आधारित ग्रीन मैन्यूफेक्चरिंग के बल पर वर्ष 2030 तक 10 ट्रिल्यन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है । केंद्रीय श्रम एवं रोजगार व पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर पर्यावरण के पेरिस समझौते की प्रस्तावना में ÷ माता पृथ्वी ÷ शब्द डाला गया । आज लाइफ बनाम लाइफ स्टाईल के द्वन्द का विश्व सामना कर रहा है । छठी आई.पी.सी.सी. की रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास का वर्तमान तरीका यदि जारी रहा तो पृथ्वी के समक्ष भारी संकट खड़ा हो जाएगा । उन्होंने कहा कि पर्यावरण चुनौती से निपटने के लिए हमें ग्रीन एनर्जी पर जाना होगा , भूमि के मरुस्थलीकरण को रोकना होगा तथा भूमि को वापिस उर्वर बनाना होगा । इस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है । इसके अलावा सरकार घरेलू कामगारों सहित समस्त असंगठित क्षेत्र का डेटा संग्रह कर रही है । एक नई पहल करते हुए यह डेटा उद्योग संस्था आधारित व श्रम कौशल आधारित होगा जिससे कि उद्योगों में श्रम की माँग के अनुसार आपूर्ति की जा सके । इसके लिए 400 ट्रेड को चिन्हित किया गया है । इसके अलावा प्लेटफॉर्म आधारित क्षेत्र के श्रमिकों को भी इसमें सम्मिलित किया जाएगा , जैसे कि डिलीवरी बॉय या उबर के ड्राइवर । सरकार ईज आफ डूइंग बिज़नस से लेकर श्रमिक की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा तक के सभी विषयों पर काम कर रही है । सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी ने कहा कि कृषि को बहुउपयोगी बनाना होगा । सीरीकल्चर से ओरगेनिक साड़ी , कालीन , ऑरगेनिक कॉटन , बांस से गृह निर्माण सामग्री खाद्य पदार्थ , गाय के गोबर से पेंट , गाय की देसी नस्लों की घर वापसी कर उनका दूध उत्पादन बढ़ाना , सामुद्रिक अर्थव्यवस्था , वन अर्थव्यवस्था , खाद्य तेल आयात बिल घटाने , गन्ने व चावल से ईथनोल बनाकर तेल आयात बिल घटाने की अनेक योजनाओं के बारे में बताया । देश की 18 प्रतिशत तटीय जनसंख्या मछली पालन से 7 लाख करोड़ रू . का लक्ष्य कैसे प्राप्त कर सकती है , इसका विवरण देते हुए बताया कि मछुआरों की सोसायटी बनाकर उनको मछली पकड़ने के बड़े ट्राले देने पर सरकार कार्य कर रही है ताकि वे समुद्र में छोटी नाव से 10 नोटिकल माईल की बजाए बड़े ट्रालों से 100 नोटिकल माईल तक भीतर जा सकें । साथ ही बांस उत्पादन से प्रति एकड़ दो लाख रू . की आमदनी देने वाली बांस अर्थव्यवस्था योजना की जानकारी दी । नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ . राजीव कुमार ने कहा कि पर्यावरण चुनौतियों से निपटने के लिए हमारे पास केवल 15 वर्ष ही बचे हैं , अतः तेजी से काम करना होगा । अन्यथा समुद्र तल इतना बढ़ जाएगा कि बंगलादेश जैसे देश तो डूब ही जाएँगे और देश की तटीय आबादी को भारी संकट का सामना करना पड़ेगा । देश की 30 प्रतिशत सम्पदा मात्र 1 प्रतिशत लोगों के हाथ में चली गई है , इस कारण आर्थिक विषमता बढ़ गई है । अतः असमानता को दूर करना बड़ी चुनौती है । कृषि को रसायन मुक्त करके प्रदूषण को रोकना होगा , इसके लिए गाय आधारित प्रकृतिक खेती ही एकमात्र उपाय है । देश में 30 लाख किसान ऐसी खेती कर रहे हैं । स्वदेशी को ÷ भारत छोड़ो आंदोलन की तरह एक जन अभियान बनाना होगा , तभी यह सम्भव है । अमूल के प्रबंध निदेशक श्री आर.एस.सोढ़ी ने पशुपालन के क्षेत्र में वर्ष के 365 दिन कम लागत में रोजगार की असीम संभावनाएँ बताई । उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र 1.20 लाख करोड़ के निवेश से गाँव से बिना पलायन करे 1.2 करोड़ रोज़गार उत्पन्न किए जा सकते हैं । देश में 8 लाख करोड़ रू . के दूध बाज़ार का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि सरकार पुराने तरीके से ही कृषि में भारी निवेश कर रही है किंतु पशुपालन में बहुत कम निवेश करती है , जबकि कृषि जी.डी.पी. में पशुपालन का भारी योगदान है । आई.एस.आई.डी. के निदेशक प्रो . नागेश कुमार ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखें । देश - विदेश में भारी मात्रा में बड़े स्क्रीन लगाकर स्वदेशी के कार्यकर्ताओं , प्रबुद्ध नागरिकों नें अर्थ चिंतन के इस कार्यक्रम को देखा व अपने सुझाव दिए तथा प्रश्न भी पूछे । कार्यक्रम का संयुक्त रूप से संचालन प्रो . ( श्रीमति ) पंकज मित्तल एवं विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति श्री राज नेहरू एवं धन्यवाद ज्ञापन स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक श्री अजय पत्की ने किया ।

# पिछोर शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय में महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं आत्मनिर्भरता बढ़ाने में पुरुषों की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई

**राकेश परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**



**पिछोर ।** शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी में 15 सितंबर 2021 को महिलाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं आत्मनिर्भरता बढ़ाने में पुरुषों की भूमिका विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य केशव सिंह जाटव के निर्देशन में हुआ कार्यशाला का आयोजन संयोजन एवं संचालन विद्या राम शर्मा ने किया कार्यशाला में विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ अंजू सीहारे ने अपने वक्तव्य में प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तक नारी के परिदृश्य को रेखांकित किया एवं महापुरुषों के विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से नारी के उत्थान में पुरुषों की महती भूमिका को स्पष्ट किया डॉक्टर करण सिंह जाटव ने आत्मनिर्भरता के संदर्भ में सावित्रीबाई फुले के प्रथम शिक्षिका होने के गौरव और उनको मिले सहयोग और समर्थन को अभिव्यक्त किया कार्यशाला के मुख्य वक्ता एवं अध्यक्ष जी उद्बोधन में डॉक्टर के के यादव ने पुरुषों को महिलाओं के प्रति सदैव सम्मान और सहयोग की बात कही इस अवसर पर कार्यक्रम में डॉ रेनू तोमर के साथ साथ महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

# इंदौर को बनाया जाएगा देश का आईटी हब



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

इंदौर।एमआईडीसी आरओ इंदौर द्वारा मैनेजिंग ट्रांजिशन पोस्ट कोविड-19- आईटी परिदृश्य में अवसर और चुनौतियां÷ विषय पर शुक्रवार को सयाजी होटल में सेमीनार आयोजित किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी संचालक रोहन सक्सेना एवं आईटी क्षेत्र से जुड़ हितधारक उपस्थित रहे। सेमीनार के दौरान हितधारकों के साथ इंदौर को देश का आईटी हब कैसे बनाया जाये इस विषय पर भी चर्चा की गई।

मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के कार्यकारी संचालक रोहन सक्सेना ने कहा कि इंदौर को आईटी हब बनाने के प्रशासन लगातार प्रयासरत है। राज्य शासन द्वारा लागू की गई मध्यप्रदेश आईटी नीति 2016 ने भी इंदौर के उद्योगीकरण को नयी गति प्रदान की है। इसी के साथ इंदौर में आईटी कॉरिडोर एवं आईटी कॉनक्लेव बनाने के लिये भी जिला प्रशासन द्वारा प्रयास किये जा रहे है। जिले में आईटी क्षेत्र के विकास के लिये अधोसंरचना, लॉजिस्टिक और मेन पॉवर को बेहतर किया जा रहा है। जिससे यहां की आईओ पार्क स्थित कंपनियों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध करायी जा सके।



### आपको बता दें कि पूरा मामला बाढ़ क्षेत्र का है जहां पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

**आगरा वाह ।** घर पर जो फंदा बनाकर युवती लटकी हुई देखी परिजनों ने तो उसे तत्काल फंदे से नीचे उतारा और आनन-फानन में सीएससी में भर्ती कराया सीएससी वाह केंद्र पर चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया इस सूचना को मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर मृतिका युवती का कराया पोस्टमार्टम युवती के आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं वही पुलिस जांच में जुटी है थाना कस्बा बाह क्षेत्र के गांव बिजौली में कल रात का मामला है

# मेसर्स आहूजा प्रोटीन्स न्यू मार्केट टीटी नगर के संचालक पर एफआईआर

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भोपाल।**एसडीएम संजय श्रीवास्तव ने छापामार कार्रवाई कर सामान जप्त किया। जिला कलेक्टर अविनाश लवानिया के निर्देश पर भोपाल में खाद्य पदार्थों की जाँच के लिये लगातार दुकान, फैक्ट्री और गो-डाउन पर छापामार कार्रवाई की जा रही है।

एसडीएम टीटी नगर संजय श्रीवास्तव ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ मेसर्स आहूजा प्रोटीन्स न्यू मार्केट टीटी नगर, भोपाल पर छापामार कार्रवाई कर गंदगी पाये जाने पर एफआईआर दर्ज की गई है। आहूजा प्रोटीन्स दुकान में अत्यंत गंभीर और गंदगी पूर्ण माहौल में खाद्य सामग्री बनती पाई गई। इस पर खाद्य सामग्री की सेम्पलिंग की कार्रवाई के साथ अमानक स्तर पर खाद्य सामग्री के निर्माण पाये जाने पर एफआईआर दर्ज कराई गई। एसडीएम श्री श्रीवास्तव ने बताया कि छापे के दौरान खाद्य सामग्री निर्माण की जगह पर गंदगी के ढेर लगे हुए थे। इसके साथ ही डस्टबीन भी वहीं रखे हुए थे।

प्रोपराइटर ने मौके पर उपस्थित नहीं होने के कारण प्रभारी मनीष आहूजा की उपस्थिति में प्रतिष्ठान के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय तल पर निर्मित हो रहे बेकरी के उत्पादों तथा स्थल निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर सर्वत्र गंदगी होना पाया गया। अनेक स्थानों पर कचरे का ढेर लगे होने के साथ-साथ डस्टबीन भी निर्मित हो रहे बेकरी उत्पादों तथा केक के समीप रखा होना पाया गया। सभी डस्टबीन गंदगी से भरे हुए तथा उसके आसपास कचरा फैला होना पाया गया। निर्माण क्षेत्र पर व्याप्त अस्वच्छता एवं अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों को देखकर इस आशय का निरीक्षण प्रतिवेदन बनाया गया। उक्त बात को संज्ञान में लेकर खाद्य उपभोक्ता सुरक्षा अधिकारी की और से आहूजा प्रोटीन्स के संचालक मनीष आहूजा और लक्ष्मण दास आहूजा के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई।

# सरस्वती शिशु मन्दिरों में स्वदेशी जन जागरण अभियान आज से

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**
**(विद्या भारती जिला भिण्ड का साप्ताहिक आयोजन)**



**भिण्ड ।** विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा मार्गदर्शित ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला भिण्ड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालयों में स्वदेशी सप्ताह आज से शुरू हो रहा है।

जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि (स्वदेशी जन जागरण अभियान 25 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलेगा) सात दिन तक चलने वाले इस आयोजन हेतु जिला समिति कोर ग्रुप ने व्यापक योजना बनाई है।

25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई जाएगी, स्वदेश प्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं *एकात्म मानववाद पर उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाना है। 26 सितंबर को स्वदेशी विषय पर अभिभावक गोष्ठी आयोजित की जाएगी। 27 सितंबर को मातृ गोष्ठी होगी,28 सितंबर को स्वदेशी वस्तुओं की सूची (कर पत्रक) का वितरण किया जाएगा,29 सितंबर को स्वदेशी चित्र माला (प्रदर्शनी) लगाई जाएगी,30 सितंबर को विद्यालय के पोषक (पड़ौसी) गांवों में स्वदेशी जन जागरण अभियान चलाया जाएगा, 01 अक्टूबर को स्वदेशी अपनाएं - गांव को आत्मनिर्भर बनाएं विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी,(02अक्टूबर को शास्त्री- गांधी जयंती मनाई जाएगी) एवं साप्ताहिक कार्यक्रम का समापन होगा, जिसमें मुख्य वक्ता जिला समिति के पदाधिकारी, जिला प्रमुख, संयोजक मंडल के पदाधिकारी, संकुल प्रमुख, क्षेत्र एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

इस अभियान हेतु विद्यालय स्तर पर टोली बनाई गई जिसमें आचार्य परिवार संयोजक मंडल, पूर्व छात्र, जिला समिति सदस्य एवं शुभचिंतक टोली के कार्यकर्त्ता शामिल रहेंगे।

स्व का बोध स्वदेशी भाव, स्वदेशी भावना है विचार नहीं।

*कृषि शिक्षा, राजनीति,, विदेशनीति,व्यवसाय, सुरक्षा व्यवस्था,नारी शिक्षा, जीवनमूल्यों की शिक्षा आदि जीवन के सभी आयामों में स्वदेशी भाव चाहिए। तभी यह भाव जागृत होगा-तंत्र स्वदेशी मंत्र स्वदेशी भाव स्वदेशी लाना है। स्वदेशी भाव अपनाकर भारत को जगसिरमौर बनाना है।



### पुर्व विधायक के गांव में जलजिवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का हुआ भूमिपूजन

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** ग्रामीण आबादी और खासकर महिला वर्ग को पेयजल के लिए उठानी पड़ रही कठिनाई से निदान के लिए राष्ट्रीय जल जीवन मिशन का प्रारम्भ प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2019 को इस मिशन की घोषणा की। जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की किल्लत को दुर किया जा सकता है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बोलेगांव? में पानी टंकी का भुमीपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त पानी टंकी लगभग 11 लाख रुपए की लागत से बन रही है जिसमें पाईप लाईन, इलेक्ट्रिक पावर ट्यूबवेल सबमर्सिबल पंप आदि सम्मिलित हैं। पानी टंकी की क्षमता 50 हजार लिटर पानी रखने की है। निर्माण कार्य रायसेन एंड कंपनी के द्वारा किया जाना है। भुमीपूजन के दौरान रमेश भटेरे पुर्व विधायक , प्रेमलता राजकुमार बापूरे ग्राम प्रधान बोलेगांव, झनकलाल मेहरकर, मनमोहन पटेल रायसेन एंड कंपनी, गायत्री बापूरे, रामप्रसाद बिलावर, भोजराम बापूरे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

रितेश कटरे ब्यूरो चीफ
पुष्पांजली टुडे

**बालाघाट ।** संगठन को मजबूती प्रदान कर हर परिस्थिति हेतु कार्यकर्ताओं को गुरू मंत्र देना पार्टी के जिम्मेदार बड़े नेताओं की जवाबदारी होती है, ऐसे में कार्यकर्ता सम्मेलन अपने आप में आधारभूत स्तंभ होता है पार्टी की नींव को मजबूती प्रदान करने का और इसी तारतम्य में अपने 04 दिवसीय बालाघाट प्रवास पर पंहुचे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व मध्यप्रदेश सहप्रभारी सी.पी. मित्तल, बालाघाट जिले के प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी के साथ लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र के किरनापुर पंहुचे जहां उन्होने विभिन्न कार्यक्रमों के साथ स्थानीय राणा हनुमान सिंह बी.एड. कॉलेज में आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया और अपने बेहतर गुरू मंत्र कांग्रेसियों को देकर उनमें जोश फूंका। इस संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा काफी सीमित समय के लिए थी लेकिन कांग्रेसियों का उत्साह ऐसे चरम तक था कि चंद मिनटो के लिए आयोजित यह कार्यक्रम आखिरकार क्षेत्र में कांग्रेसियों का दमखम दिखा गया और इस सफल आयोजन की चर्चा दिनभर पूरे जिले में रही। बावजूद उत्साह से लबालब यह कार्यक्रम सभी को कांग्रेस पार्टी के सकारात्मक दृष्टिकोण की तरफ मोड़ गया जिससे युवा से लेकर बुजुर्ग कार्यकर्ता भी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा था।

**इनकी रही प्रमुख उपस्थिति**

इस अवसर पर सी.पी. मित्तल अ.भा. कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय सचिव, गंगाप्रसाद तिवारी जिला प्रभारी बालाघाट, पूर्व सांसद व जिलाध्यक्ष विश्वेश्वर भगत, पूर्व सांसद अशोकसिंह सरस्वार, पूर्व विधायक श्रीमती पुष्पलता कावरे, विधायक सुश्री हिना कावरे, पूर्व विधायक मधु भगत, उदयसिंह नगपुरे पूर्व अध्यक्ष जिला केंद्रीय सहाकारी समिती मर्या. बालाघाट, अजय अवसरे





अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस लांजी, युसुफ पटेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किरनापुर, ऋषि दशरिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बहेला पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र खोंगल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद दानी, प्रमोद अग्रवाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष, लिखेंद्र उपराड़े जिला आईटी सेल, जिला पंचायत सदस्य मनीषा रविंद्र धारणे, जनपद सदस्य दुर्गा बेनीराम खोटेले, ईश्वरीप्रसाद सिंगनधुपे पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, डॉ. जे.पी. सुनेरी, रंजित सिंह चौहान, अनूप सिंह बैस ब्रासंस अध्यक्ष, भरत कालबेले प्रदेश सचिव असंगठित कामगार कांग्रेस, शेषराम रहांगडाले, आदि प्रमुख रूप से मंचासीन रहे तथा इस पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन लांजी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय अवसरे के द्वारा सराहनीय रूप से किया गया।

**02 एंबुलेंस की मिली सौगात**

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जंयती सदभावना दिवस के अवसर पर लांजी-किरनापुर विधायक सुश्री हिना कावरे ने लांजी तथा किरनापुर के अस्पतालों में मरीजों को समय पर उचित ईलाज मिल सके इस हेतु 02 एंबुलेंस की सौगात अपनी विधायक विकास निधी से दी, जिसका अतिथियों की उपस्थिति में विधिवत पूजन कर फीता काटकर हरीझंडी दिखाई गई। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर जहां सी.पी. मित्तल राष्ट्रीय सचिव अभा कांग्रेस कमेटी के द्वारा एंबुलेंस पर स्वस्तिक का चिंह बनाना और विधायक सुश्री हिना कावरे द्वारा दोनो ही एंबुलेंस के चालकों को तिलक लगाकर उपहार देना सनातन धर्म की परंपरा के प्रतीक के तौर पर नजर आया।

**स्व. कावरे स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित:** एंबुलेंस के शुभारंभ पश्चात कार्यक्रम स्थल पर पंहुचने के दौरान किरनापुर के कावरे चौक स्थित स्व. लिखीराम कावरे स्मारक पर कारो का काफिला रूका और सभी आगंतुक सी.पी. मित्तल राष्ट्रीय सचिव, गंगाप्रसाद तिवारी जिला प्रभारी बालाघाट, जिलाध्यक्ष विश्वेश्वर भगत, पूर्व सांसद अशोकसिंह सरस्वार, विधायक सुश्री हिना कावरे, पूर्व विधायक मधु भगत आदि जिले के सभी नेतागणों ने पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## वन-टू-वन

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में सेवा समर्पण अभियान के तहत सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए गए



ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पाली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में जिले के अलग-अलग स्थानों पर सेवा समर्पण अभियान के तहत प्रधानमंत्री मोदी का जन्म दिवस हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।जिला आईटी संयोजक भाजपा ओबीसी मोर्चा कल्याण सिंह सोलंकी ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर चल रहे *सेवा समर्पण अभियान के अंतर्गत सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति की सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की गई*। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा जिला जिलाध्यक्ष हेमंत चौधरी गादाना महामंत्री राधेश्याम चौहान जिला प्रवक्ता तिलोकराम चौधरी मडल अध्यक्ष नरपत दवे ताराचंद टावरी टैगोर शर्मा ओम स्वामी पार्षद दुर्गा सिंह खगांरोत अरविंद भारती ताराचंद जी चौधरी तरुण सिंह चौहान महिपाल सिंह लखावत मुकेश गोस्वामी पार्षद प्रतिनिधि, सुरेश पुरी अशोक शर्मा गुमानसिह रावत किशन लाल बंजारा सुरेश पुरी गोस्वामी देवेंद्र सिंह राकेश शर्मा अनिल चौधरी ललित प्रवीण अवतार सिंह उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी ओ बी सी मोर्चा पाली जिला मिडिया पभारी कल्याण सिंह व प्रवक्ता महिपालसिह चारण सहित भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रूपावास हरिओम फॉर्म हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 71 वा जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

**पाली।** भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वा जन्म दिवस के उपलक्ष में देशभर में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं द्वारा अलग-अलग स्थानों पर सेवा समर्पण सप्ताह के तहत जन्म दिवस हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत रूपावास में हरिओम फॉर्म हाउस में प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी के महिला युवा मोर्चा सदस्य नाजु देवी आजणा के नेतृत्व में आयोजित सेवा एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन्मदिवस पर मिठाइयां बांट कर एक दूसरे को मुंह मीठा करवाया गया ।तथा जरूरतमंद लोगों को घरों में जाकर विभिन्न प्रकार के फल फ्रूट बिस्किट बांट कर ईश्वर से उनकी लंबी आयु की कामनाएं कर प्रधानमंत्री मोदी के जयकारे के साथ जन्म दिवस हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेता हरि भाई पटेल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में इससे पूर्व अलग-अलग स्थानों पर सेवा समर्पण सप्ताह के तहत मोदी का जन्म दिवस मनाया गया। इस मौके पर आजणा पटेल समाज के युवा भाजपा नेता हरि भाई पटेल। चंदनपुरी पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री देवी पटेल पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पायल पटेल। शांति देवी भाटी गीता संगीता बस्ती रेखा चौधरी देवी पटेल भवरी गीता प्रजापत मीरा सीता देवी सहित कई भाजपा महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# चम्बल के विकास के लिए मेरा रोम रोम समर्पित: सिंधिया

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

**(डॉ रमेश दुबे को गले लगाकर की जनसेवा की भूरि भूरि प्रसंशा)**

**ग्वालियर/भिण्ड।** तीन दिवसीय ग्वालियर प्रवास पर आए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ओर दिलों पर राज करने बाले महाराज के ऐतिहासिक स्वागत कार्यक्रम के बाद श्रीमन्त सिंधिया जी ने ग्वालियर चम्बल अंचल के समुचित विकास की अधोसंरचना को लेकर अधिकारियों के साथ गहन मंथन किया एवं क्षेत्र के रहवासियों, व्यापारी एवं छात्रों से भी चर्चा कर उनके मंशानुरूप विकास मॉडल तैयार करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने ग्वालियर चम्बल के भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट की और उनकी कुशलक्षेम पूछी। साथ ही भिण्ड का प्रतिनिधित्व कर रहे भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश



दुबे से मुलाकात की और भिण्ड में चल रहे विकास कार्यों एवं पदस्थ अधिकारियों की कार्यशैली के बारे में जानकारी ली।

डॉ रमेश दुबे ने केंद्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया को भिण्ड में किये गए एवं जारी जनसेवा कार्यों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि आपके मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में जनसेवा के लिए भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता प्राणपण से जुटा हुआ है और हर विषम परिस्थिति में जनता के बीच खड़ा है। भारतीय जनता पार्टी के सेवा ही संगठन पर्व के तहत हम सभी लोग समर्पण भाव के साथ जनसेवा को समर्पित हैं।

# शिक्षण सत्र 2021-22 से बोर्ड परीक्षा के प्रश्नों के पैटर्न में किया बदलाव

### दसवीं व बारहवीं के रिजल्ट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए है यह बदलाव

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सत्र 2021-22 से दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्नों के पैटर्न में बदलाव किया है। यह नया बदलाव मंडल ने बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए किया है। माशिमं इस साल का ब्लू प्रिंट जारी कर दिया है और इसे माशिमं की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है, ताकि विद्यार्थी अभी से इसके मुताबिक तैयारी शुरू कर दें। अब दसवीं व बारहवी कक्षाओं के प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ प्रश्न अधिक पूछे जाएंगे। करीब चालीस फीसद अंकों के वस्तुनिष्ट प्रश्न होंगे। अभी तक माशिमं की दसवीं-बारहवीं परीक्षा में 25 फीसद अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाते थे। माशिमं की पाठ्यचर्या समिति की बैठक में हुए निर्णय के बाद यह बदलाव किया गया है। नए ब्लू प्रिंट को लोक शिक्षण विभाग द्वारा 24 सितंबर से आयोजित की जाने वाली तिमाही परीक्षा में लागू किया गया है। मंडल के प्रश्न पत्र में 40 फीसद अंकों के वस्तुनिष्ट प्रश्न पूछे जाने से अब लगभग सभी विद्यार्थियों को लंबे-लंबे उत्तर लिखने से निजात मिलेगी। दरअसल दसवीं की परीक्षा में पहले से बेस्ट आफ फाइव योजना लागू है। दसवीं की परीक्षा में दो विषय में सप्लीमेंट्री दी जाती है। अब चालीस फीसदी अंकों के प्रश्न सिर्फ आब्जेक्टिव होंगे। इन सब बदलाव से विद्यार्थी आसानी से पास हो सकेंगे। माशिमं की परीक्षा में 33 फीसद अंक पर विद्यार्थियों को पास किया जाता है। दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए मंडल ने बेस्ट ऑफ फाइव आउट ऑफ सिक्स योजना लागू की है। इसके तहत अगर कोई विद्यार्थी एक विषय में फेल भी हो गया और अन्य पांच में उत्तीण है तो वह उत्तीर्ण माना जाता है।

# पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती आज बूथ स्तर पर मनाएगी भाजपा

नीरज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड(ब्यूरो)।**एकात्म मानवदर्शन के प्रणेता, चिंतक एवं विचारक, प्रखर राष्ट्रवादी और भाजपा के प्रेरणास्त्रोत पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर को पार्टी बूथ स्तर पर मनाएगी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती राजकुमारी जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 71वें जन्मदिवस 17 सितंबर से लेकर उनके जनसेवा के 20 वर्ष 7 अक्टूबर तक चल रहे सेवा और समर्पण अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न सेवा कार्य किये जा रहे है। इसी के साथ 25 सितंबर को भिंड जिले के 1480 मतदान केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे साथ ही पार्टी के कार्यकर्ता मंडलों के अस्पताल, बाल आश्रम एवं अनुसूचित जाति बस्तियों के बच्चों के बीच फल वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करेंगे जिला अस्पताल परिसर भिंड में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय एवं भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे । (पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बूथ स्तर पर मनाएगी ञ्भाजपा)



जयंती एवं आगामी कार्यक्रमो को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती राजकुमारी जैन ने सभी 26 मंडलों के मंडल अध्यक्षों को कार्यक्रम सफल बनाने जिमेदारी सौंपी। उन्होने कहा कि सेवा और समर्पण के हमारे कार्यक्रम बहुत अच्छे तरीके से संपन्न हो रहे है। इसी तरह पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर का कार्यक्रम भी बूथ स्तर पर संपन्न कराना है। श्रीमती जैन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा छुटे हुए लोंगो को घर घर से लाकर टीकाकरण कराएं।

# अम्बाह पुलिस ने एफआईआर के बाद भी नही पकडे अबैध हथियार धारी...

**बरिष्ठ अधिकारियो से रक्षा की गुहार मागते रहै फरियादी पॉच घायल तीन की हालत गम्भीर**

सुनील तोमर रिपोर्टर
पुष्पांजली टुडे

**अम्बाह ।** यह बाक्या अम्बाह थाने के खॉद का पुरा तुतवास का है यहा दबंग लोगो ने पीडिता की जमीन पर जबरन कब्जा करने के लिये टैक्टर चलबाया फरियादी के मना करने पर आरोपियो ने अबैध हथियारो से फायर कर लाठियो से हमला बोल दिया आरोपियो ने जैसे तैसे जान बचाकर पुलिस को सूचना देकर पुलिस बुलाई पुलिस ने मौके का मुआयना देखकर एफआईआर तो दर्ज कर ली परन्तु आरोपियो ने पुलिस से सॉठ गॉठ कर आरोपियो के हौसले बुलंन्द होगये और पुलिस के बढावा से आरोपी पुलिस का सहारा पाकर निशंक होकर रास्ता रोकने व मारने पर आमादा होगये आये दिन रात में फाइरिग व गाली देकर बुलाना हमारे लिये भय का माहौल बनता गया तब हम आरोपियो ने आकर अम्बाह टीआई रबिन्द्र सिह को बिधिबत आबेदन व अबैध हथियार सहित फोटो देकर अपने परिवार की रक्षा की गुहार मागी लेकिन अम्बाह टीआई ने अनसुना कर दिया कहा मेडम हमारे पास और भी काम है हम जाते है आरोपी भाग जाते है तब फरियादी अपनी गुहार लेकर अम्बाह एसडीओपी कार्यालय पहुची और बिधिबत अबैध हथियार के फोटो सहित आबेदन दिया और मेंने









एसडीओपी साहब को फोन पर व मैसिज कर अपनी पीडा बताई परन्तु कोई सहारा न मिला हम फरियादियो ने अम्बाह टीआई को फोनकर परिबार की रक्षा की भीख मॉगी पर किसी का हदय नही पसीजा और आरोपियो के हौसले बुलंन्द होगये और कहने लगे कोई नही आपकी सुनने बाला गॉव छोडना पडेगा आपने एफआईआर कैसे करा दी और आरोपी हमारी रास्ता रोके हुऐ मारने को आमादा थे रात्रि को रोजाना फायर भयभीत कर भयभीत फरियादी को जानमाल का बहुत ही खतरा था परन्तु अपने परिबार की रक्षा की बात पर किसी पुलिस अधिकारी ने गौर नही किया परन्तु टीआई रबिन्द्र सिह व बीट प्रभारी के कानो पर तो जू तक नही रैगी रेगती भी क्यो सॉठ गॉठ पहले ही बिठा ली गयी आरोपी मुरैना पुलिस अधीक्षक कार्यालय के चक्कर लगाते रहै एसपी साहब तीन दिन आफिस में नही बैठे तब परेशान होकर आबेदन स्टैनो साहब को देकर एसपी साहब को फोन पर बताया साहब हमने 27 तारीख को एफआईआर कराई है आरोपी आये दिन अबैध हथियारो से रात्रि में फायर कर दहसत फैलारहै है अम्बाह पुलिस मिली हुई है साहब हमारा आपसे बिनम्र निबेदन है हमारे परिवार की रक्षा का प्रबंन्ध करे परन्तु एसपी साहब ने कहा में टीआई को बोलता हू परन्तु टीआई ने एसपी साहब की बात नकार दी और मेरी बात पर किसी बरिष्ठ अधिकारी ने गौर नही किया आरोपियो ने मोका पाकर मेरा भाई को जो अपने खेत पर फसल देखने जारहा था चारो तरफ से घेर कर लाठियो से हमला कर दिया हमें किसी ने सूचना दी कि तुम्हारे भाई का रास्ता घेर लिया है तो उसे बचाने हम लोग पहुचे थे तो आरौपी 20 लोग पहले से ही घात लगाकर तैयार थे जिन्हौने सभी पर कुल्हाडी, फरसा,बका व धारदार हथियारो से जान से मारने की नियति से हमला बोल दिया जिसमें सभी लोग बुरी तरह कटफट चुके थे खून बहने लगा मरणासन्न अबस्था में महिलाओ ने भी डण्डे मारे हमने तत्काल पुलिस व एसपी साहब को फोन सूचना दी तब कही पुलिस पहुची तब अम्बाह अस्पताल में बैहोशी की हालात में सभी को पुलिस की गाडी में लाया गया जिसमे तीन लोगो के सिर व हाथ में गहरे घाव थे जिन्है तत्काल मुरैना रेफर कर दिया अम्बाह पुलिस ने 307 की कायमी न करते हुऐ नोरमल धारा लगाकर एफआईआर कर चलता कर दिया काश कोई बरिष्ठ अधिकारी हम आरोपियो की फरियाद पहले ही सुनलेते तो आज हमारे परिवार की मरणासन्न अबस्था की हालत में मौत से लडाई नही लड रहै होते हमारे चाचा व पिताजी व भाई मुरैना अस्पताल मे शिसकियॉ भर रहै जो यह श्रेय अम्बाह पुलिस को जारहा है मात्र चन्द रूपयो की खातिर पुलिस ने एक्सन लेने से मुह मोड लिया था आरोपी अभी शराब पीकर रात में धमकी देरहै है अभी भी मान जाओ पुलिस आपकी नही सुनने बाली है।

# पत्नी को मायके छोड़कर लौट रहे युवक को बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर रोका

### कनपटी पर कट्टा अड़ा खंभे से बांधा और की लूट

**ग्वालियर।** ग्वालियर के पिछोर में रात 9 बजे बाइक सवार को ओवरटेक कर रोकने और कट्टा अड़ाकर खंभे से बांधकर लूट का मामला सामने आया है। युवक पत्नी को मायके में छोड़कर वापस डबरा के लिए लौट रहा था। रास्ते में कटारे बाबा धाम के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे ओवरटेक किया। वह कुछ समझ पाता उससे पहले ही कट्टा अड़ाकर उसे बंधक बना लिया। बदमाश बाइक, 1600 रुपए व मोबाइल लूट ले गए हैं। किसी तरह खुद को मुक्त कराकर युवक राहगीरों की मदद से पिछोर थाने पहुंचा है। पुलिस ने स्पॉट पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद लूट का मामला दर्ज कर लिया है। डबरा के हरिपुरा निवासी गौरीशंकर पुत्र बलराम सिंह एक निजी कंपनी में जॉब करता है। गुरुवार को वह अपनी पत्नी शिवानी को उसके मायके पिछोर छोड़ने आया था। पत्नी को ससुराल में छोड़ने के बाद रात करीब 9 बजे वह वापस घर के लिए बाइक से रवाना हुआ। अभी वह कटारे बाबा धाम के पास पहुंचा ही था कि तभी काले रंग की पल्सर जैसी बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोका। जैसे ही उसने बाइक रोकी बदमाशों ने उसकी कनपटी पर कट्टा अड़ा दिया। इसके बाद वह विरोध नहीं कर सका।



**खंभे से बांधकर की लूटपाट:** बदमाश गौरीशंकर की कनपटी पर कट्टा अड़ाकर उसे सड़क से कुछ दूर झाड़ियों में अंदर खींचकर ले गए। यहां उसे सीमेंट के खंभे से बांध दिया। बांधने ने के बाद जेब में रखे 1600 रुपए और मोबाइल के अलावा बाइक लूट ले गए हैं।

**साफी खिसका कर बाहर आया तो बाइक भी गायब:** बदमाशों के भागने के बाद किसी तरह गौरीशंकर ने अपने हाथ पैर पर बंधी साफी को खोला और खुद को मुक्त कराया। इसके बाद बाहर आया तो पता चला कि बदमाश उसकी बाइक स्क्07 स्छ-95730 भी लूट ले गए है। वारदात की सूचना राहगीरों की मदद से पुलिस को दी और थाने पहुंचा। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची है। इसके बाद जांच करते हुए पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर लिया है।

**बदमाशों की तलाश में की नाकाबंदी:** पुलिस ने बदमाशों की तलाश में नाकाबंदी कराकर तलाश की, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए है। पुलिस ने कुछ पुराने बदमाशों को राउण्डअप कर पूछताछ शुरू कर दी है। इस मामले में ञ्ढ्ढ पिछोर थाना केडी सिंह का कहना है कि शिकायत के बाद लूट का मामला दर्ज कर लिया है। टीम सर्चिंग पर लगी हैं। जल्द मामले को सुलझा लिया जाएगा।

### छापामार कार्रवाई कर लाखों की शराब की नष्ट

**ग्वालियर।** भांडेर के रामगढ़ कच्ची शराब के कंजर डेरा पर शुक्रवार को पुलिस ने दबिश दी। छापामार कार्रवाई में पुलिस ने लाखों रुपए की शराब नष्ट की है। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने जहरीली शराब कारोबार के विरुद्ध अभियान छेड़ा है। थाना प्रभारी भांडेर रवींद्र गुर्जर और दुरसडा थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुशवाहा ने बताया कि सुबह कंजर डेरा रामगढ़ में दबिश दी थी। यहां से करीबन 10 हजार लीटर कच्ची लहान नष्ट की गई। मौके पर करीबन 250 लीटर हाथ भट्टी की बनी शराब 4 कोनों में रखी मिली। जिसे जब्त करने की कार्रवाई की गई। पुलिस टीम को देखकर आरोपी शराब और शराब बनाने के उपकरण मौके पर ही छोड़कर भाग निकले।

## नैनो न्यूज

### ससुर बहू को सोशल मीडिया पर बदनाम किया

**ग्वालियर।** माधौगंज थाना क्षेत्र के हेम सिंह की परेड पर रहने वाले एक युवक ने पैसे देने से मना करने पर अपने पड़ोस में रहने वाले ससुर बहू को सोशल मीडिया पर बदनाम कर दिया। पुलिस ने ससुर व बहू की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार हेमसिंह की परेड निवासी 69 वर्षीय जगदीश शिवहरे ने शिकायत की है कि पड़ोस में रहने वाला बिकल शिवहरे उनके मकान को सरकारी जमीन पर होना बता कर दो लाख रुपए की मांगकर रहा था और जब उन्होंने रुपए देने से इनकार किया तो आरोपी ने उनके तथा उनकी बहु के बारे में अश्लील बातें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म

**ग्वालियर।** बाजार से घर आ रही 14 साल की एक किशोरी को दो युवक जबरन अपने साथ ले गए और कमरे में बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे बंधक बनाया और एक युवक उसे अपने घर ले गया तथा शादी का दबाव बनाया और कागजों पर साइन करा लिए इसी बीच किसी तरह किशोरी भाग निकली और घर आकर परिजनों को पूरी घटना से अवगत कराया ।घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र की बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाटीपुर थाना क्षेत्र के कबीर कॉलोनी निवासी 14 साल की एक किशोरी पिछले दिनों बाजार से आ रही थी तभी रास्ते में उसे रोहित और योगेश नामक युवक मिले और उसे अपने साथ बाइक पर चलने को कहा ।जब किशोरी ने चलने से मना किया तो दोनों युवक जबरन उसे अपने साथ बाइक पर ले गए और एक कमरे में बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया । बाद में 7 दिन तक उसे बंधक बनाए रखा। इसके बाद योगेश उसे अपने घर ले गया और शादी का दबाव बनाया और कोरे कागजों पर साइन करा लिए ।इसी बीच मौका पाकर किशोरी वहां से भाग निकली और घर आकर परिजनों को पूरी घटना से अवगत कराया। इसके बाद परिजनों के साथ थाने पहुंची और मामला दर्ज कराया ।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म और अपहरण का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### सिक्योरिटी कंपनी के खाते से 81 हजार निकालें

**ग्वालियर।** अज्ञात लोगों ने एक सिक्योरिटी एजेंसी के खाते से 50 बार में 81 हजार की नगदी निकाल ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार ग्वालियर थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी बिरला नगर निवासी अशोक सिंह चौहान सनशाइन लेबर एवं सिक्योरिटी कंपनी चलाते हैं ।कुछ समय पहले उनका एक्सीडेंट हो गया था ।जिसके कारण वह घर थे ।उनका आईसीआईसीआई बैंक में खाता था पिछले दिनों जब बैंक खाते में उन्होंने एंट्री कराई तो पता चला कि उनके खाते से 50 बार में 81 हजार से अधिक की रकम निकाल दी गई है। इसके बाद अशोक सिंह ने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने जहर खाया

**ग्वालियर।** शहर के मुरार थाना क्षेत्र में स्थित कोरारी गांव में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मुरार थाने के कुंवारी गांव निवासी नितिन मिर्घा बीती शाम घर आया और खाना खाकर कमरे में चला गया ।इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे निजी अस्पताल में लेकर गए ।वहां मालूम पड़ा कि नितिन ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उसे जेए एच में लाया गया ।

## मप्र डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन का हीरक जयंती समारोह एवं प्रदेश सम्मेलन 26 को

### केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर होंगे मुख्य अतिथि

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन तथा हीरक जयंती समारोह 26 सितंबर को कृषि महाविद्यालय ग्वालियर के सभागार में आयोजित किया जायेगा। इस सम्मेलन एवं हीरक जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रांताध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र सिंह भदौरिया करेंगे। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये कार्यक्रम संयोजक इंजी. एसके शर्मा क्षेत्रीय सचिव उमेश गोयलजिलाध्यक्ष इंजी. अरविंद शुक्ला ने बताया कि इस हीरक जयंती समारोह एवं प्रदेश स्तीरीय अभियंता सम्मेलन में मध्यप्रदेश के लगभग सभी जिलों के जिलाध्यक्ष सहित एक हजार से अधिक अभियंता शामिल होंगे। उन्होने बताया कि इस सम्मेलन में उनकी वर्षो से चली आ रही प्रमुख मांगों 28 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कार्यपालन यंत्री के पद का वेतनमान तो प्राप्त कर रहे हैं लेकिन उन वरिष्ठ उपयंत्रियों को




सहायक यंत्री का पदनाम सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा है। इसी के साथ प्रदेश में संविदा उपयंत्रियों के नियमित करण पर चर्चा भी होगी। ज्ञातव्य है कि संगठन का गठन 1945 में स्व. इंजी. बीएस भंडारी द्वारा देश की आजादी के पूर्व किया गया था। उस समय मध्यभारत की राजधानी नागपुर हुआ करती थी। संगठन के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती समारोह में अभियंताओं का राष्ट्र के विकास में योगदान पर चर्चा भी होगी। वहीं अभियंताओं की शासन के समक्ष लंबित मांगों पर आगामी कार्यवाही के लिये ठोस निर्णय लिया जायेगा। डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसियेशन के वर्तमान में इंजी. राजेन्द्र सिंह भदौरिया है। उनके कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी एसोसियेशन द्वारा लिये गये। वहीं बादल दास समिति , उपयंत्री ससंवर्ग को दस वर्ष की सेवा पर प्रथम प्रवर श्रेणी वेतनमान प्राप्त करते ही राजपत्रित घोषित करना सहायक यंत्री पद पर पदोन्नति का कोटा 75 प्रतिशत कराना, राज्य शासन से संगठन को मान्याता प्राप्त संगठन घोषित कराना, आदि प्रमुख हैं। पत्रकार वार्ता में कोषाध्यक्ष श्रीमती रश्मि शेंडगे, इं. रजनीश गुप्ता, इं. रमेश सिंह भदौरिया, इं. दिलीप गुप्ता, इं. एपीएस भदौरिया, गिरीश भटेले, आदि मौजूद थे।

## कार सवार बदमाशों ने फैलाई दहशत

# दो कार में सवार होकर आए थे बदमाश, घर के बाहर खड़ीं बसों में की तोड़फोड़ और भाग गए

**ग्वालियर।** ग्वालियर के न्यू विवेक नगर में आधी रात कार सवार बदमशों ने उत्पात मचा दिया। एक बस संचालक के घर के बाहर आकर गालियां दी और दो बसों में तोड़फोड़ कर फरार हो गए। घटना गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात हुई है। बस संचालक ने बदमाशों की सिर्फ कार देख पाई हैं, लेकिन रजिस्ट्रेशन नंबर और अन्य कोई भी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने आसपास के CCTV कैमरे भी खंगाले हैं, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला है। फिलहाल अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

थाटीपुर के न्यू विवेक नगर मेला ग्राउण्ड के पीछे रहने वाले राघवेन्द्र सिंह तोमर पुत्र कप्तान सिंह तोमर बस संचालक हैं। उनकी बसें क्रमांक UP83 T-4153 व MP06 P-0439 दरवाजे पर खड़ी थीं। आधी रात हुंडई वरना और I-20 कार से कुछ युवक आए और उनकी बसों के पास रूक गए। कुछ देर बाद दोनों कार से तीन युवक उतरे और बसों के कांच तोड़ना शुरू कर दिया। बसों की तोड़फोड़ की आवाज सुनते ही जब वह और उनके परिजन घर से बाहर आए तो तोड़फोड़ कर रहे बदमाश अपनी-अपनी कारों में सवार होकर वहां से भाग निकले। मामले का पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।





### पहले भी हुई है घटनाएं

यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी बदमाशों ने वाहनों की तोड़फोड़ की है, लेकिन बदामश पकड़े नहीं गए है। इससे पहले झांसी रोड इलाके में बदमाशों द्वारा तोड़फोड़ की घटनाओं के बाद पुलिस कप्तान को खुद सड़कों पर उतरकर गश्त की मॉनीटरिंग की थी। जिसके बाद इस तरह की घटनाएं रूक गई थीं। एक बार फिर यह घटना हुई है। बस संचालक का कहना है कि बसों को लेकर उनका किसी से विवाद भी नहीं है।

### पुलिस का कहना

इस मामले में थाना प्रभारी थाटीपुर आरवीएस विमल का कहना है कि बस संचालक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बदमाशों की तलाश की जा रही है। CCTV कैमरे भी आसपास के खंगाले जा रहे हैं।

### निगम के मदाखलत अमले ने हटाया अस्थाई अतिक्रमण

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में सुगम यातायात एवं आमजनों की सुविधा के लिए निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत दाल बाजार एवं नया बाजार में सुगम यातायात के लिए निगम के अमले द्वारा यातायात विभाग के साथ मिलकर अस्थाई अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देश पर नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव सिंह चौहान के निर्देशन में निगम के मदाखलत अमले द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर सुगम यातायात एवं आमजनों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत आज शुक्रवार को दाल बाजार, नया बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में कार्यवाही कर सडक पर सामान रखकर यातायात बाधित कर रहे दुकानदारों को समझाइश दी।

## लायंस क्लब सेंट्रल ग्वालियर 25 दिवसीय नि:शुल्क वैक्सीनशन शिविर का समापन



### ऐतिहासिक सेवा गतिविधि सम्पन्न, लॉयन्स क्लब ग्वालियर सेन्ट्रल द्वारा

**ग्वालियर।** लॉयन्स क्लब ग्वालियर सेन्ट्रल द्वारा आयोजित किये गय 25 दिवसीय नि:शुल्क वैक्सीनशन शिविर का समापन आज प्रान्तीय प्रोजेक्ट नि:शुल्क मधुमेह जाँच शिविर के साथ किया गया। शिविर में 173 जनों की ब्लड शुगर नि:शुल्क चेक कर, उन्हें लाभावन्तित किया गया। इस शिविर के संयोजक लायन गिरीश गाबरा थे।

**शिविर का आयोजन संयुक्त रूप से लायंस क्लब ग्वालियर सेंट्रल एवं मानव वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया गया:** क्लब के अध्यक्ष लायन अजय सप्रा, सचिव लायन मुकेश भाटिया एवं कोषाध्यक्ष लायन अजय बत्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि वैक्सीनशन शिविर 25 दिन तक निरन्तर समाधिया कॉलोनी, ब्लॉक बी में जारी रहा। शिविर के दौरान भारी संख्या में क्षेत्रीय निवासियों को कोविशिल्ड या कोवेक्सीन के प्रथम या द्वितिय डोज लगाकर, उन्हें लाभावन्तित किया गया। शिविर में समाधिया कॉलोनी निवासी मानव वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष कुमार नागदेव, सचिव संजय सप्रा एवं संतोष वाधवानी ने भी अपना अमूल्य योगदान दिया शिविर का अवलोकन समय - समय पर प्रान्तपाल लायन सुनील गोयल, एफ वी डी जी लायन रोशन सेठी, एस वी डी जी लायन ओ पी गग्गर, मोटिवेशनल स्पीकर श्रीमती निशा चांडक, आर सी लायन जगदीश शरण गुप्ता, एवं जेड सी लायन तालिब खान द्वारा किया गया। सभी ने क्लब की इस ऐतिहासिक गतिविधि की खुले दिल से प्रशंसा की। क्लब के इतिहास में ये सेवा गतिविधि मील का पत्थर रही।शिविर के नर्सिंग स्टाफ को भी स्मृति चिन्ह एवं उपहार प्रदान किये गये।

पूर्व आर सी. लायन सुनील शर्मा, पूर्व आर सी लायन राजेश बनवारी, पूर्व जेड सी लायन यशपाल सिंह बैस एवं पूर्व क्लब अध्यक्ष लायन राजीव महेश्वरी ने भी क्लब के वैक्सीनशन शिविर सेवा कार्य को सराहनीय बताया ।

# केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने शहर के नागरिकों से की सौजन्य भेंट



### स्व. कुरेशी के निवास पर पहुँचकर शोक संवेदनाएँ व्यक्त कीं

**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को शहर के प्रमुख नागरिकों से सौजन्य भेंट की। उनके साथ प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी एवं जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने प्रात 10.30 बजे विनयनगर स्थित मिस अपूर्वा शर्मा के निवास पर पहुँचकर उनसे सौजन्य भेंट की। मिस अपूर्वा शर्मा कॉस्मोपॉलिटन वर्ल्ड इंडिया 2021 के पुरस्कार से सम्मानित हैं। इसके पश्चात उन्होंने विनयनगर में ही निवासरत मिस प्राची यादव से सौजन्य भेंट की। मिस प्राची टोक्यो पैरालंपिक प्रतियोगिता में भाग ले चुकी हैं। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया इसके पश्चात बसंत विहार में निवासरत मिस पूर्वा धौलाखंडी के निवास पर पहुँचे और उनसे सौजन्य भेंट की। मिस पूर्वा धौलाखंडी रूबरू फैंस ऑफ ब्यूटी इंटरनेशनल इंडिया 2021 प्रतियोगिता में सम्मानित हुई थीं। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने इसके पश्चात गांधी रोड़ पर स्व. ए एच कुरैशी के निवास पर जाकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। स्व. कुरैशी दैनिक आचरण समाचार पत्र के मालिक एवं प्रधान संपादक भी थे। श्री कुरैशी ने जीवन भर पत्रकारिता के माध्यम से अपनी पहचान स्थापित की थी।

### कुरेशी जी मेरे परिवार के सदस्य थे: सिंधिया

**ग्वालियर।** केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के दैनिक आचरण समाचार पत्र के प्रधान संपादक दिवंगत ए एच कुरेशी के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर उनके पुत्रों असद कुरेशी और माज़िद कुरेशी एवं अन्य परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया और कहा कि कुरैशी जी का समाचार जब उन्हें मिल तो हतप्रभ रहे गए थे। उन्होंने कुरैशी जी के साथ बिताये समय की अपनी यादों को साझा करते हुए कहा कि वह उनके परिवार के सदस्य थे, सिंधिया जी वह पहली बार 1980 उनसे मिले थे कुरेशी जी अपनी राय स्पष्ट रखते थे, उनका नज़रिया एकदम साफ बिना किसी लाग लपेट रहता था, उन्होंने कहा इस कठिन समय वह आचरण परिवार के साथ हैं। उनके साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ,पत्रकार सुरेश शर्मा भी थे। उल्लेखनीय है ए एच कुरैशी का निधन 13 सितंबर को हर्दयगति रुकने से हो गया था।



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. I31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478